वर्ष- 22 अंक - 59 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 10 अगस्त 2026






# झारखंड में छात्रों का विधानसभा मार्च

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा, विधानसभा पर लगा दिए कंटीले तार

**रांची ● एजेंसी**

जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर रांची में प्रदर्शन कर रहे छात्र आज विधानसभा का घेराव करेंगे। राज्य सरकार के साथ कई दौर की वार्ता फेल होने के बाद छात्रों ने अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला लिया है। रांची में छात्र आज विधानसभा तक मार्च करने जा रहे हैं। छात्र पुरानी विधानसभा से नई विधानसभा तक मार्च करेंगे। ऐसे में छात्र पुरानी विधानसभा पहुंचने लगे हैं। उनके हाथों में पोस्टर्स हैं जिनपर लिखा है- 'जब तक तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं।' छात्रों को रोकने के लिए 2 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, बैरिकैड्स के ऊपर कंटीले तार भी लगाए गए हैं। उधर छात्र मांग पूरी न होने पर आंदोलन पर अड़े हैं।

### अब ईडी की एंट्री

झारखंड में जेपीएससी की प्राथमिक परीक्षा समेत अन्य परीक्षाओं में कथित धांधली की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तक पहुंच गई है। ईडी केस दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू कर दी है।

### मोदी ने दी सोरेन को बधाई

झारखंड में छात्र आंदोलन से घिरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज जन्मदिन है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ...

### भारत में घुसे बांग्लादेशियों ने किया किसान का अपहरण

**जलपाईगुड़ी.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में बॉर्डर के पास बांग्लादेशी नागरिकों ने चाय उगाने वाले एक भारतीय किसान का अपहरण कर लिया। 15 बांग्लादेशी भारतीय सीमा में घुस आए और दीपांकर गोप को खींचकर बांग्लादेश ले गए। बीएसएफ ने शनिवार शाम बीजीबी के साथ एक फ्लैग मीटिंग की, लेकिन गोप को छुड़ाने में कामयाब नहीं हो सकी।

### शरद पवार के सांसदों की आज मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली.एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद गुट के सभी 8 सांसद आज दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात को लेकर सियासी बयानबाजी देखने को मिल रही है। हर कोई कयास लगा रहा है कि शरद गुट महाराष्ट्र में कोई खेल कर सकता है, जिससे महाविकास आघाड़ी को बड़ा झटका लग सकता है।

### चीन में तूफान ने रोकी 1300 उड़ानें

**बीजिंग.एजेंसी।** चीन के पूर्वी तट की तरफ बढ़ रहा तूफान डॉल्फिन अब असर दिखाने लगा है। झेजियांग प्रांत के हांगझोऊ में तेज बारिश हुई। तूफान के खतरे को देखते हुए शंघाई में करीब 1300 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित जगह भी भेजा जा रहा है। तूफान अब झेजियांग और उत्तरी फुजियान के तट से टकरा चुका है।

## बिना टोल चुकाए भागी अतीक के बेटे के काफिले की 30 गाड़ियां

**प्रयागराज.एजेंसी।** प्रयागराज के नवाबगंज टोल प्लाजा पर अतीक अहमद के बेटे मोहम्मद उमर के काफिले से जुड़ा 'टोल कांड' सामने आया है। आरोप है कि पुलिस एस्कॉर्ट के पीछे चल रहीं 25-30 कारों ने टोल टैक्स नहीं दिया और बैरियर तोड़कर निकल गईं। टोल कर्मचारियों से अभद्रता और धमकी देने का भी आरोप है। मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस वाहनों के नंबरों के आधार पर जांच कर रही है। अपने भाई के जनाजे में शामिल होने के बाद मोहम्मद उमर के जेल वापस लौटते समय प्रयागराज के नवाबगंज टोल प्लाजा पर पुलिस एस्कॉर्ट के आगे निकलने के बाद उसके पीछे चल रही करीब 30 कारें बिना टोल टैक्स दिए निकल गईं।

## संसद में पानी में बह गए करोड़ों रुपए

**नई दिल्ली.एजेंसी।** संसद की कार्रवाई पर हर घंटे करोड़ों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन इस बार मानसून सत्र में विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज नहीं के बराबर हुआ जिससे करोड़ों रुपए व्यर्थ बह गए। राज्यसभा की कार्यवाही 46 बार और लोकसभा की 42 बार स्थगित हुई। दोनों सदनों में रोजाना 7-8 घंटे के बजाय करीब एक घंटे ही काम हो सका। लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल भी नहीं हो पाया।





# कांवड़ में गंगाजल भरने उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

## महाकाल से ओंकारेश्वर तक उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब

**सोमवार ● एजेंसी**

आज सावन के पावन महीने का दूसरा सोमवार है। आज महाकाल से लेकर ओंकारेश्वर और हरिद्वार से लेकर काशी विश्वनाथ तक शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। संगम नगरी प्रयागराज पूरी तरह शिवमय हो गई है। दारागंज के दशाश्वमेध घाट पर इन दिनों हजारों कांवड़ियों का जमावड़ा लगा है। गंगा स्नान, पूजा-अर्चना, गंगाजल संग्रह और भोलेनाथ के जयघोष के बीच घाट पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## अचानक धंसी जमीन समा गए कई मकान

**धनबाद.एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में देखते ही देखते कई मकान धंस गए। इन मकानों के धंसने से कई लोग मलबे में दब गए जिन्हें काफी मशक्कत करके बाहर निकाला गया। जमीन धंसने से यह हादसा हुआ।

## इंद्रदेव ने किया मंदिरों का अभिषेक





# मप्र के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात

### नदियां उफनी, भोपाल-राजगढ़ में स्कूल बंद

**सोमवार.एजेंसी।** सूखे से जूझ रहे मध्यप्रदेश के कई इलाकों में कल से बारिश का नया दौर शुरू हुआ। इंदौर में आज सुबह-सुबह झमाझम बारिश हुई। भोपाल में तेज बारिश के कारण पेड़ गिर गए। रास्ते जाम हो गए। आज स्कूलों की छुट्टी घोषित करना पड़ी। विदिशा-रायसेन, सीहोर-शाजापुर में घरों में पानी घुस गया। नर्मदा सहित कई नदियां उफान पर आ गईं। शाजापुर में 6 घंटे में 4 इंच पानी गिरने से हाहाकार मच गया। मध्य प्रदेश के कई इलाकों में नदी का पानी पुल के ऊपर आ गया। डिंडोरी और उत्तरप्रदेश के वाराणसी में मंदिर डूब गए। राजगढ़ में स्कूलों की छुट्टी घोषित करना पड़ी। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद और बिजनौर में 40 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग अपने घर और गांव छोड़कर सड़कों पर टेंट लगाकर रहने को मजबूर हैं। रात में भी लोग सड़कों पर ही सो रहे हैं।

# 19 लोगों का रक्त मेरी देह में दौड़ता है -सांसद सदानंदन




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** भाजपा नेता और संस्था सार्थक के बैनरतले कल 'संघर्ष से संसद तक : वैचारिक प्रतिबद्धता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। राज्यसभा सांसद सदानंदन मास्टर ने कन्नूर की राजनीतिक हिंसा से लेकर राज्यसभा तक की यात्रा सुनाते हुए बोले, बाधाएं तूफान बनकर आएं, आदर्श की ज्योति कभी नहीं बुझ सकती! उन्होंने यह भी कहा कि पैर काटे, संकल्प नहीं; संघर्ष ने सदानंदन मास्टर को संसद तक पहुंचाया! कहा, 'हमला मेरे शरीर पर हुआ, विचारों पर नहीं; संघ से मिला आत्मविश्वास और आत्मीयता मुझे हर विपरीत परिस्थिति में खड़ा रखती रही' 19 लोगों का रक्त मेरी देह में आज भी दौड़ता है। सांसद ने कहा कि 'मेरे दोनों पैर काट दिए गए, लेकिन मेरे विचारों की दिशा नहीं काटी जा सकी। मेरा शरीर घायल हुआ, मेरा संकल्प नहीं।' प्रख्यात शिक्षाविद्, चिंतक एवं राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर ने इंदौर में अपने जीवन की उस त्रासदी को याद करते हुए यह बात कही, जिसने उनकी जिंदगी को दो हिस्सों, हमले से पहले और हमले के बाद, में बांट दिया। उन्होंने कहा कि 1994 में कन्नूर में राजनीतिक हिंसा का शिकार होने के बाद लंबे उपचार और कृत्रिम पैरों के सहारे उन्होंने जीवन को फिर खड़ा किया, लेकिन संघ से मिले आत्मविश्वास, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के स्नेह और समाज के सहयोग ने उन्हें कभी निराशा अथवा असहाय के भाव में नहीं जाने दिया। हरदीप दवे के साथ संवाद किया गया। सांसद सदानंदन मास्टर ने बताया कि उनके दोनों पैर कटने के बाद लम्बे समय तक उपचार की गतिविधि से गुजरना पडा और कृत्रिम पैर लगाए गए, लेकिन इसके बावजूद संघ का कार्य और समाजसेवा की गतिविधियां रुकी नहीं। उन्होंने कहा, 'मेरा मन तनिक भी विचलित नहीं हुआ। न निराशा ने मुझे प्रभावित किया और न असहाय की भावना ने। इसके पीछे संघ की कार्यपद्धति, शाखा के माध्यम से प्राप्त आत्मविश्वास, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्नेह और संघ परिवारों से मिलने वाला संरक्षण प्रमुख आधार रहे।' उन्होंने कहा कि 'बाधाएं भले ही तूफान बनकर आएं, स्वयंसेवक के भीतर जलने वाली आदर्श की ज्योति कभी बुझ नहीं सकती।' उन्होने यह भी कहा कि वे स्वयं वामपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और उनका पारिवारिक परिवेश भी वामपंथी राजनीति के निकट था। सवाल यह था कि आखिर ऐसा क्या हुआ जिसने उन्हें उस विचारधारा से अलग होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और आगे चलकर संघ की ओर जाने के लिए प्रेरित किया? उन्होने यह भी कहा कि राज्यसभा का दायित्व उनके लिए बिल्कुल अप्रत्याशित था। बहुत सारे मुद्दे जिनमें युवाओं के भी थे मुद्दों पर बेबाक बात की गई। उन्होने कहा कि इन्दौर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। साथ ही दीपक जैन टीनू और संस्था 'सार्थक' के प्रयासों की उन्होंने सराहना भी की और दीपक जैन टीनू को ऊर्जावान युवा कार्यकर्ता बताया। दीपक जैन टीनू, नितेश मुच्छाल, पंकज जैन, अमित सोनी, सिद्धार्थ निखरा, नितिन जोशी, आनंद बोकड़िया, तुषार गावड़े, गौरव नाहर, केशव पोरवाल, अंकित रावल, विशाल डाकोरिया सहित अन्य ने इस आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

**हमला मेरे शरीर पर हुआ, विचारों पर नहीं, संघ से मिला आत्मविश्वास और आत्मीयता मुझे हर विपरीत परिस्थिति में खड़ा रखती रही'**

## आज दोपहर मजदूर किसान देगा संभाग आयुक्त को ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** केंद्र एवं राज्य सरकार की मजदूर, किसान एवं छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय श्रम संगठन और किसान संगठन आज दोपहर एक बजे इंदौर संभाग कमिश्नर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे और मांग करेंगे कि श्रमिक विरोधी चार श्रम संहिता वापस ली जावे, ई पी एफ पेंशन में वृद्धि की जावे, किसानों को फसल की एम एस पी की गारंटी दो, इसी तारतम्य में 8 अगस्त को मालवा मिल चौराहा पर आम सभा का आयोजन किया गया था।



## कांग्रेस नेता ने किया टंट्या मामा प्रतिमा पर माल्यार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आदिवासी जननायक टंट्या मामा भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पाताल पानी कांग्रेस नेता सुनील यादव पहुंचे और उन्होंने आदिवासी समाजजनों को साथ लेकर माल्यार्पण का लाभ लिया।

## भगवा रिक्शा संघ ने भी निभाई सहभागिता




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से जुड़े भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में संघ की पूरी टीम ने एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रेवती रेंज पर पौधरोपण महाअभियान में सक्रिय सहभागिता की। वंदे मातरम और भारत माता के नारे भी गुंजाए। पौधारोपण की गिनती में रिकार्ड बनने पर वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह इन्दौर के लिए गर्व की बात है।

# बाणेश्वर महादेव का भ्रमण के दौरान 200 मंचों से होगा स्वागत

### लावाजमे के साथ निकलेगी शाही सवारी तैयारियों को लेकर बैठक का दौर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री बाणेश्वर महादेव मंदिर धार्मिक, पारमार्थिक एवं सार्वजनिक न्यास तथा यात्रा प्रमुख प्रदीप यादव दीपू ने बताया कि श्री बाणेश्वर महादेव की शाही सवारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। 17 अगस्त अगले सोमवार को सुबह 9 बजे से बाणेश्वर कुंड मंदिर बाणगंगा से बाणेश्वर महादेव की शाही सवारी तामझाम के साथ निकाली जाएगी। बाबा बाणेश्वर अपने भक्तों को नगर भ्रमण के दौरान आशीर्वाद देंगे। यात्रा के दौरान रास्ते में 200 से अधिक मंचों से बाबा और भक्तों का स्वागत होगा। व्यवस्था के लिए कई टीम का गठन किया गया। बाबा बाणेश्वर के रजत रथ को श्रद्धालु अपने हाथों से खींचेंगे और करीब 100 से अधिक युवाओं की टीम सवारी मार्ग की यातायात व्यवस्था संभालेगी। यात्रा



में बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, डीजे,अखाड़े, भजन मंडली, लोकनर्तक, ऊंट-घोड़े, झांकियां, विभिन्न वेशभूषा में श्रद्धालु, साधु-संत, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, व्यापारिक एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि और हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। बाणेश्वर कुंड से बाणगंगा मेनरोड, महेश गार्ड लाइन, मरीमाता चौराहा होते हुए वृंदावन कालोनी से वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। यहां आरती पश्चात यात्रा का समापन होगा। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को शीतल जल के साथ ठंडाई, फलाहार, खिचड़ी आदि का प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। कल हुई लेसा गार्डन में बैठक के दौरान संत, महंत भी मौजूद रहे। बैठक में दीपू यादव, शंकर नैनावा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विजेंद्रसिंह चौहान, ठाकुर जितेन्द्रसिंह, बलराम परिहार, नरेश यादव, प्रेम वर्मा, विकास जोशी, बंटी ठाकुर, ज्वाला यादव, आशीष यादव मौजूद थे।





# अगस्त क्रांति दिवस पर सम्मान

### *106 वर्षीय पाण्डे दो मंजिल सीढ़ियां चढ़कर पहुंचे गांधी भवन की ऊपरी मंजिल*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस ने कल अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया। 106 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बसंतीलाल पाण्डे एवं सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी सुधीर सेठिया, ओमप्रकाश वर्मा, राजेन्द्र




बावेल, उमेश पारेख का भी सम्मान किया गया। 106 वर्षीय बसंतीलाल पाण्डे गांधी भवन की सीढ़ियां चढ़कर तीसरी मंजिल कार्यक्रम में बगैर किसी सहारे से पहुंचे। इस अवसर पर चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, अर्चना जायसवाल, देवेन्द्रसिंह यादव, मदन परमालिया, अनुरोध जैन सहित अन्य मौजूद थे। गांधी भवन में कल आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा और टंट्या मामा भील को भी याद किया गया। चित्र पूजन कर श्रद्धांजलि दी गई। आदिवासी लोक नृत्य भी पूर्व पार्षद रायमुनि भगत ने प्रस्तुत कराया।

## विधायक सहित भाजपाइयों ने किया वंदे मातरम गान, फिर हुआ पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 में पर्यावरण संरक्षण एवं मातृशक्ति के सम्मान के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक सहित भाजपा नेताओं ने वार्ड 48 स्थित ग्रेटर तिरुपति उद्यान एवं श्रीराम मंदिर, डा. ग्वालटोली उद्यान में वंदे मातरम गान भी किया।



विधायक महेन्द्र हार्डिया, नानूराम कुमावत, नंदू पहाड़िया, राजीव जैन, होलासराय सोनी, आशा सोनी, अनिल गोहर,नंदू पहाड़िया, राजीव जैन, मुद्रा शास्त्री, कैलाश पिपले, लक्ष्मी-अशोक निगोते, हेमंत सोनी, रूपेश ठाकुर, मुकेश चंदेल, अमित निगोते, आकाश केटवास, बंशीलाल पुरोहित. पदमा भोजे सहित अन्य मौजूद थे।

# देशभर में हरित क्रांति का संदेश देंगे-विजयवर्गीय

## रेवती रेंज पर बना विश्व रिकार्ड, लाखों पौधे लगाने के बाद दो साल में बड़े करने में बना कीर्तिमान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गत दो सालों से रेवतीरेंज की पहाडी पर पौधारोपण का आयोजन करवा रहे है। गत वर्ष भी पौधारोपण के लिए जमीन ठीक करवाई गई थी, गड्ढे करवाए गए थे और फिर पौधारोपण हुआ था। 2024 में एक दिन में 12,41,000 से अधिक पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। गत वर्ष और इस वर्ष भी रेवती रेंज पर पौधे लगाए गए। विश्व रिकार्ड के लिए इन पौधों की गिनती हुई तो रेवती रेंज पर 13 लाख 10 हजार पेडों की गिनती कर विश्व रिकार्ड बनाया। भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री



बी एल संतोष भी विश्व रिकॉर्ड के साक्षी बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' के संकल्प को इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय जी ने सिद्धी तक पहुंचाया जिसकी राष्ट्रीय नेता बीएल गौतम ने भी विजयवर्गीय की तारीफ की। विजयवर्गीय बोले कि मेरे लिए यह भावुक क्षण है। जब दो साल पहले पौधे लगाने वाले इंदौरवासी आज उन्हीं पेड़ों को देखकर खुशी से भर उठे। विजयवर्गीय ने दम-खम से कहा कि पौधे लगाकर इंदौर में एक क्रांति पैदा करेंगे और देशभर में हरित क्राति का संदेश देंगे। कुल मिलाकर एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने रेवती रेंज पर पेड़ों की गिनती कर घोषणा की कि रेवती रेंज पर वर्तमान में 13 लाख 10 हजार 12 वृक्ष हैं। किसी एक स्थान पर लाखों पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाने का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। रेवती रेंज पर नर्सरी भी बनाई गई है, अगर कोई पौधा सूख जाता है तो उसके स्थान पर तुरन्त दूसरा पौधा लगा दिया जाता है। गत वर्ष भी 1 लाख पौधों का रोपण रेवती रेंज पर विजयवर्गीय के आव्हान पर ही किया गया था। विजयवर्गीय के आव्हान पर कई संस्थाएं, संस्थाओं के प्रतिनिधि और सामाजिक लोग भी पौधारोपण से जुड़े।

विजयवर्गीय ने कहा कि एक पौधा एक शिव मंदिर के निर्माण के बराबर है। विजयवर्गीय ने कहा कि नगर निगम और जनकार्य समिति के राजेन्द्र राठौर ने बहुत मेहनत की है। राजेन्द्र राठौर का बीएल संतोष ने सम्मान भी किया था। एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के 100 लोग 7 अगस्त से रेवती रेंज पर पेड़ों की गिनती कर रहे हैं। हमने कहा है कि कम हो तो हमें बता देना, ज्यादा हो तो प्रमाण पत्र देना। हर रविवार पौधारोपण कार्यक्रम चलेगा और देश में हरित क्रांति का संदेश देंगे। अक्षय-कांति बम भी पूरी तरह रेवती रेंज पौधारोपण में साथ रहे। सेना के लिए जवानों को ट्रेंड करने के लिए जीतेंद्र फौजी को एक लाख का चेक दिया गया और वृक्षारोपण के लिए काम करने वाले इंनफ्लूएंसर आदेश सोनी का सम्मान किया गया। बडी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता और कार्यकर्ता सहित सामाजिक एवं शैक्षणिक लोग भी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने कहा एक घंटे मोबाइल बंद रखें पार्षद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठ महामंत्री बीएल संतोष ने कल भाजपा कार्यालय पर पार्षदों की बैठक भी ली थी, पार्षदों को जनता के बीच काम करने के तरीके बताए।

**बीच में बोले जिम्मेदार तो लगी फटकार**

पार्षदों को किस तरह कामकाज करना है, किन-किन लोगों से मिलना है और जनता के बीच भाजपा संगठन की छवि सुधारने के साथ ही सरकार द्वारा किए गए कामों को कैसे पहुंचाया जाए। इस दौरान बीएल संतोष ने कहा कि पार्षद दिन भर घर से बाहर रहते हैं, जब घर जाओ तो एक घंटे के लिए मोबाइल बंद कर लो। इस पर पार्षद सुरेश कुरवाड़े ने कहा कि मोबाइल बंद करेंगे तो यह कहा जाता है कि पार्षद का मोबाइल बंद रहता है। इस पर एक जिम्मेदारी पदाधिकारी ने बीच में कमेंट्स किए तो उन्हें बीएल संतोष ने बीच में बोलने पर फटकार दी क्योंकि मामला शादी और कुंवारे का जो आ गया था।

## मंडल अध्यक्षों की मैराथन बैठक 5 घंटे चली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी उषा नायडू ने जिला कांग्रेस के अन्तर्गत मंडल अध्यक्षों की बैठक कल आयोजित की। 5 घंटे की मैराथन बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए और अधिक प्रयास पर चर्चा की गई। मंडलम से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने और स्थानीय स्तर पर कांग्रेस संगठन को रहवासियों को मजबूत पकड़े के संदेश दिए।

यह भी कहा गया कि मंडलम का हर पदाधिकारी केन्द्र और प्रदेश सरकार की कमजोरी आम जनता को बताए और धरना, प्रदर्शन लगातार करें, स्थानीय जनता को भी साथ में जोडे। प्रभारी अजयसिंह रघुवंशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे, संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल, ऋतुराजसिंह चौहान, मोतीसिंह पटेल और भूपेन्द्र गुर्जर,





सुमेरसिंह सोलंकी, विक्रम चौधरी, दीपक डंडीर, वरुण क्षोत्रिय, करण कुमारिया, गजेन्द्रसिंह सिसौदिया, पंकज वर्मा, सावी बेदी मौजूद थे।

## किसान मोर्चा में सोलंकी महामंत्री बने तो मिली बधाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा किसान मोर्चा इंदौर ग्रामीण में जिला महामंत्री पद पर सुरेन्द्रसिंह सोलंकी की नियुक्ति की गई। नियुक्ति पर मधु वर्मा, पवन हिंदू, रामस्वरूप गेहलोत, रामसिंह मकवाना, राकेश परमार जाली, जगदीश चौकसे, छगन प्रजापत, संदीप चौहान, राजेश चौहान, शैलेष बाजपेई, सुरेश जयसवाल, नीलू अहिरवार, शीला गुप्ता ने बधाई दी।

## संभाग आयुक्त ले रहे हैं संभाग कलेक्टर से कान्फ्रेंस बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संभाग आयुक्त भास्कर लक्षकार आज इंदौर संभाग के कलेक्टर के साथ कान्फ्रेंस बैठक कर रहे हैं।**

## विधायक और एमआईसी सदस्य रहे तिरंगा यात्रा में मौजूद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत विधानसभा 5 के वीर सावरकर मंडल में तिरंगा यात्रा संत बालीनाथ प्रतिमा मालवा मिल चौराहा से वीर सावरकर प्रतिमा चौराहा तक निकाली गई। विधायक महेन्द्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया, नीतेश जैन, नेहा शर्मा, बंटी बुराड़ा, पंकज ठाकुर, सतीश लांबाते, जितेंद्र जरिया, अरुण पटेल, रवि जरिया सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन मंदिर से घर जा रही महिला से ढाई तोले की चेन उड़ाई

### बाइक सवार आए और घर के समीप ही मार दिया झपट्टा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के कालानी नगर चौराहा के सुखदेव नगर मेनरोड के समीप मंदिर से घर जा रही एक महिला के गले से बाइक से आए सवार ने झपट्टा मारकर ढाई तोले की चेन छीन ली। मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह करीब 9.30 बजे अंजलि नगर जैन मंदिर दर्शन करके मनोरमा देवी मोदी निवासी सुखदेव नगर मेन रोड वापस अपने घर सुखदेव नगर जा रही थी तभी कालानी नगर के सामने सुखदेव नगर मेन रोड पर बाइक से आए दो लोगों ने मौके का फायदा उठाकर मनोरमा मोदी के गले से ढाई तोले की चेन झपट ली। तत्काल परिजनों के साथ मनोरमा मोदी एरोड्रम थाना पहुंची और वहां पर सूचना दर्ज कागज पर करने के बाद पुलिसकर्मी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। कुछ लोगों से इस मामले में पूछताछ भी की गई और पुलिस वीडियो फुटेज भी खंगाल रही है। समाचार लिखे जाने तक अभी रिपोर्ट दर्ज होना बाकी थी और झपट्टा मारने वाले की तलाश भी पुलिस कर रही है।

## रणदिवे सुबह मुख्यमंत्री के साथ तो दोपहर व शाम में बीएल संतोष के साथ दिखे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश भाजपा महामंत्री गौरव रणदिवे इन दिनों सक्रिय नजर आ रहे हैं। खासतौर से जब उन्हें दतिया उपचुनाव के बाद विशेष जिम्मेदारी मिली उसके बाद से ही वे और सक्रिय नजर आ रहे हैं। कल गौरव रणदिवे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भोपाल में तिरंगा यात्रा के दौरान थे तो दोपहर के बाद शाम को वे बीएल संतोष के साथ नजर आए।





## भाजपा की संभाग स्तरीय बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, सुमित मिश्रा, श्रवणसिंह चावड़ा की मौजूदगी में भाजपा इंदौर संभाग स्तर की बैठक आयोजित की गई। सर्वसमाज, सर्वहारा वर्ग उत्थान के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं की चर्चा भी हुई। गौरव रणदिवे, निशांत खरे, जयपालसिंह चावड़ा, पुष्यमित्र भार्गव, मुन्नालाल यादव, कमल वाघेला सहित अन्य मौजूद थे।

# निगम के फैसले से मच गया बवाल

## अब 1 लाख रु. से कम की राशि चेक के माध्यम से नहीं की जा सकेगी जमा

### कांग्रेस के नेताओं ने ली निगम के फैसले पर आपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा लिए गए एक फैसले से बवाल मच गया है। निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि अब 1 लाख रु. से कम की राशि चेक के माध्यम से जमा नहीं की जा सकेगी। इस फैसले पर कांग्रेस के नेताओं ने आपत्ति भी ली है।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा नागरिकों से बकाया टैक्स वसूल करने के लिए अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के दौरान बहुत से नागरिकों के द्वारा अपनी बकाया राशि का टैक्स चेक के रूप में दे दिया जाता है। यह चेक लेने के बाद नगर निगम के द्वारा संबंधित व्यक्ति की संपत्ति को सील करने जैसी कोई अन्य कार्रवाई नहीं की जाती है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह देखने में आता है कि बहुत से लोगों के द्वारा स्वयं को और संपत्ति को कार्रवाई से बचने के लिए चेक तो दे दिया जाता है लेकिन बाद में खाते में बैलेंस नहीं होने के कारण बैंक के द्वारा यह चेक अमान्य कर दिया जाता है। इस तरह के बाउंस होने वाले चेक के कारण नगर निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी परेशान है। इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा 2 साल पहले एक प्रावधान करते हुए यह नियम बना दिया गया था कि यदि किसी का चेक बाउंस होगा तो संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाया जाएगा। अब निगम के अधिकारियों का कहना है कि एक बार चेक बाउंस होने के बाद संबंधित व्यक्ति से टैक्स की राशि वसूल करना ही मुश्किल हो जाता है।

इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के द्वारा अब एक आदेश जारी कर 1 लाख रु. से कम के टैक्स की राशि को चेक के माध्यम से जमा करने पर रोक लगा दी गई है। इस रोक को लगाने के आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने नगर निगम के द्वारा यह नियम लागू किए जाने का विरोध किया है। उनका कहना है की बड़ी संख्या में नागरिकों के द्वारा चेक के माध्यम से ही यह राशि जमा की जाती है। अब नगर निगम का कहना है यह राशि केश में जमा करो। तो ऐसे में यदि व्यक्ति बैंक में जाकर पैसे निकलवाएगा और फिर निगम में लाकर जमा करवाएगा तो रास्ते में यदि कहीं कोई घटना हो गई और इस व्यक्ति से पैसे लूट लिया गए तो उसके लिए जिम्मेदार कौन होगा। उनका कहना है कि निगम के अधिकारियों को इस तरह का फैसला नहीं लेना चाहिए। ऐसा फैसला लेने से पहले पार्षदों को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

## कॉलेज छात्र संघ चुनाव में प्रत्याशी उतारेगा जयस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट ).आदिवासियों के संगठन जयस ने ऐलान किया है कि वह मध्य प्रदेश में विभिन्न कॉलेजों में होने वाले छात्र संघ के चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगा। इसके साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में जयस की औपचारिक तौर पर एंट्री हो गई है।**

### आदिवासी दिवस की रैली में इंदौर में किया ऐलान

आदिवासी दिवस के अवसर पर कल इंदौर में आदिवासी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में आदिवासी युवा अपनी परंपरागत वेशभूषा में शामिल हुए। शासन-प्रशासन द्वारा इस रैली में सहभागिता करने वालों की संख्या को लेकर जो अनुमान लगाया गया था वह अनुमान हकीकत से परे रहा। प्रशासन के अनुमान से कई अधिक संख्या में युवा इस रैली में शामिल हुए। इस रैली के मौके पर जयस द्वारा एक सभा का भी आयोजन किया गया। इस सभा में जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने ऐलान किया है कि मध्य प्रदेश में होने वाले कॉलेज के छात्र संघ के चुनाव में जयस द्वारा अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे जाएंगे।

पिछले विधानसभा चुनाव में जयस का कांग्रेस के साथ गठबंधन रहा। इसके परिणाम स्वरूप कुछ सीटों पर जयस के प्रत्याशियों को कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारा गया। इसके बाद से लेकर अब तक लगातार जयस और कांग्रेस के बीच में खटपट चल रही है। इसके साथ ही जयस नेता भी दो समूह में विभाजित हो गए हैं। अब जयस द्वारा छात्र राजनीति में प्रवेश करते हुए कॉलेज के चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया गया है। यह ध्यान देने योग्य बात यह है कि दिल्ली के जंतर-मंतर की तरह इंदौर के भवरकुआं चौराहे पर जो आंदोलन हुआ था उसके नेतृत्व की कमान आदिवासी युवाओं के हाथ में ही थी।

### मुकाबला हो जाएगा त्रिकोणीय

सरकार द्वारा यदि प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ के चुनाव कराए जाते हैं तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे जाएंगे। या दोनों संगठन भाजपा और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में यदि जयस के प्रत्याशी भी मैदान में उतरते हैं तो मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा। वैसे अभी सरकार द्वारा यह फैसला नहीं लिया गया है कि छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली पर हर विद्यार्थी के द्वारा मतदान किए जाने के साथ कराए जाएंगे या फिर प्रवीण सूची के विद्यार्थियों की छात्र परिषद का गठन कर दिया जाएगा।

## विजयवर्गीय ने मेजर हमजा को दी श्रद्धांजलि



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जैसलमेर में बीते दिनों जान गंवाने वाले मेजर हमजा आरिफ के राऊ स्थित निवास पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे। उन्होने वीर सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मेजर हमजा के अंतिम संस्कार से पहले सैफी नगर मस्जिद में नमाज अदा की गई थी इसके बाद उनकी पार्थिव देह को फूलों से सजे वाहन में इमली बाजार कब्रस्तान लाया गया था। इस दौरान कई लोग मौजूद थे, लेकिन शहर के जनप्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई थी। सोशल मीडिया पर चर्चा थी कि मधु वर्मा को छोड़ कोई भी जनप्रतिनिधि मेजर हमजा की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हुए और ना ही उनके घर पहुंचे। इसके बाद कल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मेजर हमजा के परिजनों के बीच पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पूर्व मंत्री द्रविड़ अवार्ड मिश्रा को

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. ).** पूर्व श्रम मंत्री वीवी द्रविड़ के नाम से अवार्ड देने को लेकर बैठक आयोजित की गई। आज द्रविड की जयंती पर यह अवार्ड धनराशि और अभिनंदन पत्र के साथ रक्षा विभाग जबलपुर के श्रमिक नेता पंडित जयमूर्ति मिश्रा को दिया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि पूर्व सदस्य डॉ. भरत छपरवाल की जगह रामेश्वर गुप्ता का मनोनयन किया गया। बैठक में श्यामसुंदर यादव, रमाशंकर कपूर, शिवाजी मोहिते, महेंद्रसिंह सिकरवार, शेषमणि पांडे उपस्थिति थे।

## शिवसेना की जिला इकाई बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि ).** शिवसेना इंदौर जिला इकाई ने कल अन्नपूर्णा रोड परिसर हाल में बैठक का आयोजन कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। अब तहसील स्तर तक सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। महेश शर्मा लखन ने बताया कि शिवसेना को और मजबूत शहर में किया जाएगा, नियुक्तियां भी की जाएगी। युवा सेना के धनराज दामके ने भी संगठन मजबूती को लेकर विचार रखे। दामके ने कहा संगठन कार्यकर्ताओं के साथ हम हर परिस्थिति में खड़े हैं।

## सोसायटी ने दी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि ).** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सामुदायिक भवन भील कॉलोनी में अयोध्या श्रीराम वेलफेयर सोसायटी ने शिक्षण सामग्री का वितरण किया। कॉपी-किताब के अलावा खाद्य सामग्री भी विद्यार्थियों को दी गई। महेन्द्र चौहान, सुरेंद्र सिंह राजपूत, दुर्गेश मिंजवा, शेखर चौधरी, बृजेश आर्य, हर्ष प्रजापत, आशीष डामोर, गणेश चौहान, राजू कौशल, प्रीति पुरोहित, शैलेंद्र पेंटर, राजू गिरवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई की व्यवस्था को बनाएंगे और कारगर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई की व्यवस्था को अब और कारगर बनाया जाएगा। इसके तहत शिकायत करने के लिए आने वाले व्यक्ति की शिकायत को पहले से समझ लिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा नई योजना तैयार की गई है।**

### जिला प्रशासन ने तैयार की नई योजना, पहले से समझ ली जाएगी शिकायत

राज्य सरकार के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार हर मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर के 1:00 बजे तक कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में शहरी नागरिकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक भी अपनी शिकायत लेकर पहुंचते हैं। यहां जनसुनवाई में दी जाने वाली शिकायत को गंभीरता से लिए जाने और उसका समाधान करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाते हैं। यही कारण है कि लोगों का विश्वास इस जनसुनवाई के प्रति बढ़ गया है। कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के नाम पर जनता की केवल शिकायत सुनने की औपचारिकता नहीं निभाई जाती है बल्कि हर शिकायत का रिकॉर्ड भी रखा जाता है और यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि हर शिकायत का समाधान हो।

जनता के इस विश्वास को ध्यान में रखते हुए ही अब कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में काम शुरू हो गया है। अभी भी कोई भी व्यक्ति शिकायत लेकर पहुंचता है तो पहले उसका पंजीयन किया जाता है उसके बाद में उसे अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष व्यक्त करने के लिए कलेक्टर कार्यालय की पहली मंजिल के सभागार के बाहर नंबर देकर बैठा दिया जाता है। सभागार में बैठे हुए अधिकारी नंबर के आधार पर आम नागरिकों की शिकायत की सुनवाई करते हैं। वैसे तो जनसुनवाई का समय दोपहर 1:00 बजे तक का है लेकिन कलेक्टर कार्यालय में यह जनसुनवाई दोपहर के दो और ढाई बजे तक चलती रहती है।

इस जनसुनवाई की व्यवस्था में अब जो परिवर्तन किया जा रहा है उसके अनुसार संबंधित व्यक्ति की शिकायत को भी पहले से दर्ज कर लिया जाएगा। उसके बाद में इस शिकायत को ट्रैकिंग सिस्टम पर रखा जाएगा। इसमें यह कोशिश की जाएगी कि कम से कम समय में शिकायत का समाधान किया जाना चाहिए। इस तरह से एक बड़ा डाटा बैंक तैयार किया जाएगा। इस डाटा बैंक से यह स्पष्ट हो सकेगा कि कलेक्टर कार्यालय में शिकायत लेकर आने वाले व्यक्तियों को कितने कम समय में उनकी शिकायत का समाधान मिल सका।

कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा जनता को सहयोग करने के लिए हमेशा तत्परता दिखाई जाती है। जब कोई विकलांग आ जाता है तो उसकी मदद साधन और सुविधा से की जाती है जबकि कोई बीमार आता है तो उसकी मदद इलाज की व्यवस्था से की जाती है। गरीब परिवार के बच्चों के आने पर उनके शिक्षा की व्यवस्था को आकार दिया जाता है। यह सारी व्यवस्था रेड क्रॉस समिति के फंड से की जाती है। अब जनसुनवाई को अधिक व्यापक और बेहतर कर देने से लोगों को आसानी से मदद मिल सकेगी।



# सावन के दूसरे सोमवार पर भी शिवालयों में आस्था की दरकार

## सुबह से भोले बाबा का अभिषेक, जयकारों से गूंजे मंदिर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सावन माह के आज दूसरे सोमवार पर भी शिव मंदिरों में आज सुबह से श्रद्धालुओं की आस्था भोले बाबा का अभिषेक और जयकारों के साथ दिखाई दी, बड़े मंदिरों से लेकर गली-मोहल्लों के छोटे मंदिरों में भी आज भोलेनाथ बाबा का दुग्धाभिषेक करने श्रद्धालु पहुंचते रहे। अलसुबह से लेकर दोपहर तक भी मंदिरों में आस्था की दरकार भक्ति के रूप में नजर आई। अभिषेक के अलावा पूजन, अर्चन, मंत्रोच्चार श्रद्धालुओं ने किए। ॐ नमः शिवाय के जाप भी हुए। भगवान भोलेनाथ के जयकारे भी लगे और भोलेनाथ के प्रिय गुलाब के फूल, धतुरा, बिल्व पत्र भी अर्पण किए गए। गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग परदेशीपुरा पर भी आज सुबह से भीड़ थी। मंदिर में विशेष श्रृंगार भी किया गया। आज रात 8 बजे तांडव आरती भी होगी। वहीं अन्नपूर्णा मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में आज सुबह से जलाभिषेक, दर्शन का क्रम जारी रहा।



## भूतेश्वर महादेव को 11 लाख बिल्व पत्र समर्पित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर सावन के पहले दिन से चल रहे सर्व मनोकामना सिद्धिप्रद अहर्निश लक्ष्य बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग 24 घंटे चल रहा है। आठ नर्मदेश्वर शिवलिंग की 11 लाख बिल्व पत्रों से पूजा अर्चना अब तक की जा चुकी है। रुद्राभिषेक और शिव आराधना से मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है। जाप भी किए जा रहे है। यह विशेष अनुष्ठान चल रहा है। आयोजन से पुजारी हरीशानंद तिवारी, यतीन्द्र तिवारी जुड़े हुए है।



## कुश और रीदित की अगुवाई में बाल कावड़ यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तुलसी नगर से शिव भक्ति बाल कावड़ यात्रा निकाली गई। सरस्वती मंदिर से शुरू होकर आर.आर. एवेन्यू स्थित अनंतेश्वर महादेव मंदिर तक पहुँची। कुश वानखेड़े और रीदित वानखेड़े की अगुवाई में निकली इस कावड में सैकडों बच्चों ने कावड़ उठाकर भगवान भोले के जयकारे लगाए। कुश और रीदित जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे के पुत्र है।



## पुष्प दंतेश्वर महादेव की आज शाम पालकी यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बर्फानी धाम के पीछे गणेश नगर के शिव हनुमान मंदिर पर पुष्प दंतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा आज शाम 4 बजे से निकाली जाएगी उसके पहले दोपहर 2 बजे भगवान का रुद्राभिषेक, श्रृंगार एवं आरती भी होगी। तुलसीराम रघुवंशी ने बताया यात्रा में भ्रमण के दौरान भक्तों एवं मातृशक्तियों की टोली के साथ ढोल नगाड़े, झांझ मजीरे और भजन मंडली भी रहेगी, जगह-जगह स्वागत होगा।**



## कावड़ेश्वर समिति ने निकाली कावड़ यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कावड़ेश्वर सामाजिक सेवा समिति ने तलावली चांदा से महाकाल नगरी उज्जैन तक कावड़ यात्रा बोल बम के जयकारों के साथ निकाली। रितेश पाल, सुनील परमार, जीवन पटेल, कैलाश चौहान, जितेंद्रसिंह डोडिया, महेश मंत्री, चंद्रशेखर पाराशर, सुनील परमार, बबलू यादव, रोहित शर्मा, संदीप शर्मा, राकेश सोलंकी, मुकेश यादव, अजयसिंह पंवार, कृष्ण मालवीय, संतोष पाल, राहुल पाल, राकेश पाल, आशीष बिरथरे, गणेश तिवारी, प्रियांशु जायसवाल, मोंटी बिरथरे, विक्की बिरथरे, प्रेम सोनी मौजूद थे।



## कार कावड़ यात्रा को लेकर बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री परशुराम युवा सेना राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों ने 23 अगस्त को निकाली जाने वाली कार कावड़ यात्रा को लेकर कल बैठक बुलाई। इंदौर से उज्जैन महाकाल मंदिर तक यह यात्रा निकाली जाएगी। तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। वैभव पाण्डेय, राकेश तिवारी, आशीष शुक्ला, राजेश उपाध्याय, चिंतन त्रिवेदी, अभय शुक्ला, नीलेश उपाध्याय, दीपक मिश्रा, आदर्श मिश्रा, गौरव पाण्डेय उपस्थित थे।

## भोलेनाथ का दरबार श्रीनाथजी स्वरूप में सजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री पालीवाल जय अम्बे ग्रुप 24 श्रेणी द्वारा अन्नपूर्णा मंदिर इमली बाजार-तिलक पथ में आज भगवान भोलेनाथ का श्रीनाथजी स्वरूप में श्रृंगार किया गया। आज झूला उत्सव और हरिहर मिलन का आयोजन भी किया जाएगा। भोलेनाथ गोरा के साथ हरियाली के बीच झूला हिंडोला दर्शन देंगे। आज सुबह से रुद्राभिषेक के बाद शाम को श्रृंगार दर्शन, महाआरती, प्रसादी, भजन-कीर्तन के आयोजन होंगे।

## गुलरेश्वर महादेव के श्रृंगार दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री गुलरेश्वर महादेव मंदिर में आज सावन के दूसरे सोमवार को फूल बंगला सजाया गया। सुबह से श्रद्धालु अभिषेक करने पहुंच रहे हैं। आज मंदिर में फरियाली खिचड़ी का वितरण भी किया जा रहा है। आज रात 8 बजे महाआरती के बाद गायक श्रीधर झरकर के भजनों की प्रस्तुति होगी।

## गुरुकुल आश्रम में भाजपा नेता का आयोजन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता टंटू शर्मा ने बताया कि गुरुकुल आश्रम जोशी मोहल्ला में 16 अगस्त की दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आरती के बाद प्रसादी का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भाजपा-कांग्रेस नेता भी मौजूद रहेंगे।

## आज सोमवार पर सुबह से सावन के सेरे बादल रहे गहरे काले, लेकिन पानी रिमझिम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज सावन का दूसरा सोमवार है और सुबह से काले बादलों ने डेरा जमा रखा है, लेकिन जितने काले बादल गहरे थे उतना गहरा तेज पानी सुबह से नहीं आया, बल्कि आज सावन के सेरे सुबह से गिरते रहे। खेतों के लिए आज सावन के सेरे की रिमझिम बारिश काफी फायदेमंद बताई गई वहीं जमीन में भी यह पानी वाटर रिचार्जिंग का काम करेगा। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि आज दिन भर ऐसा ही मौसम बना रहेगा और शाम से रात के बीच तेज बारिश होगी। यह तेज बारिश का क्रम रूक-रूककर कल रात तक जारी रहेगा। आज शाम से कल रात तक दो इंच बारिश की संभावना भी मौसम विशेषज्ञ राजेन्द्र शर्मा ने बताई। आज रिमझिम बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट आई है। आज रिमझिम बारिश करीब सुबह 4.30 बजे से शुरू हो गई थी।



# माहेश्वरी समाजजनों ने किया अभिषेक



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी समाज पश्चिमी म.प्र. और माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार द्वारा कल कावड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कावड़ यात्रा लेकर शिव मंदिर गुमाश्ता नगर पहुंचे, जहां बारी-बारी से भगवान भोलेनाथ का पवित्र जल से अभिषेक किया गया। आरती और प्रसादी का आयोजन भी हुआ। बाद में सभी श्रद्धालुओं का भोजन प्रसादी आयोजन भी हुआ। प्रकाश शारदा अजमेरा, अशोक मीना इनानी, अजय अर्पणा झंवर ने भोलेनाथ का अभिषेक किया।



# सोशल ग्रुप ने कराई संगीत संध्या

## माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी समाज सोशल ग्रुप की सभा कल केट गार्डन में आयोजित हुई। संगीत संध्या के अलावा मनोरंजन और मिलन के आयोजन भी हुए, साथ ही माहेश्वरी समाज के नए पदाधिकारियों का सम्मान भी हुआ। ग्रुप अध्यक्ष दिनेश शीला चितलांग्या, प्रकाश बृजबाला सोमानी, प्रदीप लीना राठी, अभय सुनीता डागा, महेश सुषमा पलोड, प्रदीप अनुराधा राठी, गोपाल शीला भट्टड़ की मौजूदगी में प्रादेशिक सभा के अजय झंवर, मधुसूदन भलिका, राजेश मूंगड़, जिला सभा के ईश्वर बाहेती, संजय मानधन्या, रजत बेड़िया का सम्मान किया गया। अशोक डागा, घनश्याम झंवर, अजय सोड़ानी, लक्ष्मण मुछाल, राजेंद्र असावा, चंद्रशेखर पसारी, मनोहर भट्टड़, नारायण अगाल, पारस बाहेती, डॉ. निलेश रैना माहेश्वरी, महेश-संगीता सोमानी, बलराम बजाज मौजूद थे।

# माहेश्वरी समाजजनों ने किया विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी इंदौर स्पोर्ट्स का आयोजन बड़े रूप में कल अभय प्रशाल में किया गया था। संस्था के राजीव संतोष बिन्नानी, रवि शीखा माहेश्वरी, संजय शोभा लोइया, विकास पूनम करवा, निधि बिहानी ने बताया कि स्पोर्ट्स के सारे आयोजन होने के बाद विजेता खिलाड़ियों के सम्मान का आयोजन किया गया। माहेश्वरी समाज के ईश्वर बाहेती, राजेश मूंगड़, अजय सारडा, डॉ. सीपी हेड़ा, रजत बेडिया, संजय मानधन्या, गोविंद बियाणी, राजश मुछाल, महेश लड्ढा, अजय लाहोटी, प्रकाश माहेश्वरी, राधेश्याम काबरा, मनोज कुइया, निलेश सारडा सहित अन्य बतौर अतिथि मौजूद थे।



# अन्न सेवा का मासिक आयोजन

## अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज ने किया सेवाकार्य





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज द्वारा मासिक अन्न सेवा के अन्तर्गत बहुउद्देशीय सेवा समिति अनाथ आश्रम, कुंदन नगर में बच्चों को सुस्वाद भोजन करवाया। कार्यक्रम में मनोज कुइया, अजय सरिता सोडानी, धीरज खंडेलवाल, अशोक डागा, घनश्याम झंवर, मुरलीधर नवाल, गोविंद बियाणी, भूमिका चिराग खंडेलवाल, अजय लाहोटी, दिनेश काबरा, राजेश मुछाल, रामपाल साबू, निलेश आगार, नितिन कुइया, गिरीश परवाल, मनीष लाठी, दिनेश अजमेरा, राजकुमार बाल्दी, नवनीत जाखेटिया, उद्धव सोडानी सहित अन्य मौजूद थे।

# बीसपंथी मंदिर में कलश स्थापना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बीसपंथी मंदिर मल्हारगंज में साध्य सागर महाराज के चातुर्मास कलश की स्थापना का आयोजन मोदीजी की नसिया में किया गया। सिद्धान्त सागर म.सा., आचार्य विप्रणत सागर मा.सा. का सानिध्य मिला। सपना मनीष गोधा, अर्चना दिलीप गोधा, मनमोहन झांझरी, जयदीप जैन, नवीन गोधा, अशोक बड़जात्या, सुरेन्द्र बाकलीवाल, राजेश जैन, जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बाड़जात्या, मनोज काला, सुनील गोधा, राजेश पाण्डया, अजयपाल टोंग्या, देवेन्द्र पाटनी, एमके जैन, प्रतिपाल टोंग्या, प्रिंसपाल टोंग्या, कमल रावका, महेन्द्र निगोत्या, सीपी शाह, अमित गांधी सहित अन्य मौजूद थे।







# 151 जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विंध्याचल सोशल ग्रुप ने 151 जोड़ों के साथ पार्थिव महाशिवरुद्राभिषेक एवं 1000 से अधिक लोगों द्वारा सवा लाख ॐ नमः शिवाय एवं भारत माता पूजन किया। सुन्दर कांड पाठ भी किया गया। डॉ. आर एन मिश्रा, राजाराम तिवारी, मुनींद्र पाठक, अनिल त्रिपाठी, आरपी शर्मा, दिलीप मिश्रा, के बी दुबे, कमलेश मिश्रा, सौखीलाल मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, योगेश तिवारी, गोकर्ण चतुर्वेदी, धर्मेंद्र मिश्रा, कमल त्रिपाठी, रमेश शर्मा, इंद्रिका तिवारी, अनूप शुक्ला, सुभाष दुबे, श्रवण मिश्रा, गौतम तिवारी, लवकुश मिश्रा, अशोक पटेल, सुरेश पाण्डेय मौजूद थे।

# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों को ब्रह्माकुमारी बहन ने दिलाई शपथ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सुबह ब्रह्मकुमारीज संस्थान की बहन सीमा दीदी कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल पहुंची वहां उन्होंने बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों को नशामुक्ति पर सार्थक उद्बोधन दिया। साथ ही मेडिटेशन, सकारात्मक सोच, आत्म जागरूकता और मूल्य आधारित जीवन पर भी संदेश देने के साथ नशामुक्ति पर जागरूकता और नशा से दूरी का संकल्प भी विद्यार्थियों को दिलाया। इस दौरान विद्यार्थियों के अलावा अध्यापक और जिम्मेदार भी मौजूद रहे। ब्रह्माकुमारी बहनों का स्वागत प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने किया।




# बिजासन माता दरबार तक निकाली चुनरी यात्रा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजवाड़ा से माँ बिजासन तक चुनरी यात्रा पाल बघेल समाज द्वारा निकाली गई। रवि पाल, आनंद पाल, चन्देश पाल, आकाश पाल, अमित पाल, अमित यादव, अनिल बघेल सहित अन्य मौजूद थे।



# भारत विकास परिषद ने निभाया सामाजिक दायित्व

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



भारत विकास परिषद अहिल्यानगरी शाखा ने अपने सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत पौधारोपण किया। विद्यापीठ के वेदपाठी ब्राह्मणों ने रुद्राक्ष के पौधे का पूजन और आरती की। आयोजन में 80 वर्षीय कुंजबाला नीमा से लेकर परिषद परिवार के बच्चों तक ने पौधारोपण में सहभागिता की।

राजकुमार जैन, संजय मेहता, रश्मि शर्मा, किशोर कोठारी, गौरव माहेश्वरी, समकीत जैन, प्रतीक सिकची, अजय-सीमा माहेश्वरी, प्रो. अंजना जैन, श्रद्धा मेहता, पंखुरी माहेश्वरी, विमलादेवी आर्य, सुदर्शन-प्रफुल्ल जटाले, मनीष बिसानी, हरि-रेखा सिकची, शंकर हरियाणी, पवित्र जैन, अनिल-अनीता नीमा, गगन-रुपाली गुप्ता, अजय शर्मा, योगेश-रश्मि केवड़ा, मनीष नीमा, राजेन्द्र आर्य मौजूद थे।

# वाल्मीकि पंचायत के निर्विरोध चुनाव



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर वाल्मीकि पंचायत की वार्षिक साधारण सभा में चुनाव की कार्रवाई की गई। राहुल लोट ने बताया कि कमल वेद अध्यक्ष, राजपाल मेलाने उपाध्यक्ष, दीपक लोट कोषाध्यक्ष, राहुल लोट सचिव निर्विरोध चुने गए।

# 182 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री भारतवर्षीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन महासभा एवं युवा महासभा के तत्वावधान में आंखों की जांच के शिविर में 182 लोगों ने आंखों की जांच कराई। डॉ. अभिषेक सेठी, वैभव कासलीवाल, शेखर छाबड़ा, सनद गंगवाल, संदीप जैन, मनीष जैन, नवीन गोधा, शैलेंद्र सोगानी, गौरव पाटोदी, प्रवीण पहाड़िया कपिल सेठी, पुष्पेन्द्र वेद, विशाल काला, पीयूष गोधा, निलेश सेठी, विवेक काला, अभिषेक बज, डॉ. अर्पित जैन, डॉ. प्रणय पाटोदी, शैलेष काला, अंकुर पाटनी, प्रफुल्ल जैन मौजूद थे।



# दलालबाग में बड़ी संख्या में पहुंचे दिगम्बर जैन समाजजन





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दलाल बाग में राष्ट्रसंत सुधासागर म.सा. का चातुर्मास प्रवचन चल रहा है। कल रविवार को दिगम्बर जैन समाजजन बडी संख्या में पहुंचे जिसमें युवा और मातृशक्ति भी थी। राष्ट्र संत ने कहा कि राष्ट्र और समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा तरुणाई है। आज समाज के युवाओं को राष्ट्रीय एकता संघ बनाकर सबको एक जाजम पर संगठित होने की जरूरत है। देश तो एक है ही लेकिन राष्ट्रीय एकता एवं चेतना की दृष्टि से भी युवाओं को संगठित होना होगा। इंदौर में भी जितने मंदिर, युवाओं के संगठन एवं मंडल हैं उन्हें एक संघ में जोड़कर अपनी सेवा गतिविधियाँ चलाना चाहिए। बिना पद और बिना किसी नाम के भी जो लोग जिनशासन की सेवा में जुटे हैं, उनका भी अभिनन्दन करना चाहिए। प्रयास करें कि इंदौर का यह चातुर्मास पूरे शहर का चातुर्मास बने और इसका लाभ जन-जन तक पहुंचे।नवीन गोधा, मनीष गोधा, अशोक डोसी, हर्ष जैन, आकाश जैन कोयला आदि ने सभी युवाओं की अगवानी की।




## जैन महिला संघ ने किया परिचय सम्मेलन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अखिल भारतीय श्वेताम्बर जैन महिला संघ द्वारा आयोजित ऑनलाइन मैट्रिमोनी मीट में भारत, जर्मनी, अमेरिक, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा सहित देश-विदेश के 243 हाइली एजुकेटेड एवं प्रोफेशनल अविवाहित युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपना परिचय देने के साथ शिक्षा, व्यवसाय, परिवार, रुचियों, जीवनसाथी की पसंद तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।



## जैन समाज के 800 बच्चों ने लिया संस्कारों का संकल्प

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर साध्वी डॉ. श्री कुमुदलता म.सा. के प्रवचन चल रहे है। कल साध्वी के सान्निध्य में केवलमुनि म.सा. की जन्म जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। जैन समाज के 800 बच्चों को संस्कारों का संकल्प दिलाया गया। साध्वी पद्मकीर्ति म.सा. ने जैन दिवाकर चालीसा का गान किया। प्रकाश-कांतारानी भटेवरा, मंजू भटेवरा, सुनील-संगीता भटेवरा, दीपक-शीतल भटेवरा, भावेश-साधना भटेवरा, दर्शील-विराज भटेवरा लाभार्थी थे। अतिथि सांसद शंकर लालवानी के अलावा केतन सेठ, शैलेश पटेल, दिलीप गोलेचा, प्रकाश दोषी, सचिन सांखला बिजयनगर, आरती नागपाल, संदीप सोढाणी, डॉ. अमितभाई पटेल मौजूद थे।

**गुरु केवल मुनि की जयंती पर गूंजा जिनशासन का गौरवगान**

## जैन कालोनी में चल रहे प्रवचन में पहुंचे श्रद्धालु

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नेमी नगर जैन कालोनी में आचार्य सुनील सागर म.सा. के कल रविवार को सार्थक प्रवचन सुनने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। संत ने कहा कि तीर्थों की रक्षा करने के लिए बहुत बड़ा जमीर चाहिए। नए-नए तीर्थ - मंदिर बने इनकी भी जरूरत है किंतु हमें हमारे पुराने तीर्थों - मंदिरों का भी ख्याल रखना होगा। चातुर्मास में एकत्रित राशि का चौथाई भाग तीर्थ रक्षा हेतु सुरक्षित रखना होगा। गिरनार जी के संदर्भ में आपने कहा कि भगवान हमारे, मूर्तियां हमारी, चरण हमारे भगवानों के हैं और अधिकार जताने वाले कोई और है। आज आवश्यकता है निकलंक जैसे धर्म के लिए प्राण न्योछावर करने वालों की। इंद्रकुमार-वीणा सेठी, मनीष-सपना गोधा, नवीन गोधा, सुनील-कल्पना जैन, सुरेन्द्र बाकलीवाल, सुयश बाकलीवाल, शरद जैन, राजेश बज, प्रवीण पाटनी, सौरभ पाटोदी, हंसमुख गांधी, विमल झांझरी, सतीश जैन, कैलाश लुहाडिया, डॉ. गिरीश पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन समाजजनों ने जानी भक्तामर स्त्रोत की व्याख्या

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आदित्य मुनि म.सा. ने गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन पर आयोजित धर्मसभा में भक्तामर स्त्रोत की अनुपम व्याख्या की। बडी संख्या में जैन समाजजनों ने संत के आशीर्वचन को सुना। साथ में ठाणा का मार्गदर्शन भी मिल रहा है। मनीष बोहरा ने बताया कि प्रवचन के पश्चात प्रतिदिन तत्वामृत की 15 से 20 मिनिट की विशेष कक्षा भी हो रही है जिसमें शिष्यों के आचार्य के प्रति और आचार्य के शिष्यों के प्रति कर्तव्य जैसे विषय पर विस्तृत विवेचना हो रही है।

## वीर गोगादेव के प्रकटोत्सव की तैयारियां शुरू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वाल्मीकि समाज के आराध्य देव वीर गोगा महाराज का प्रकोटोत्सव 5 सितम्बर को मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। दीपक लोट ने बताया कि शहर के सभी गोगादेव देवालयों में विद्युत सज्जा की जाएगी। वाल्मीकि समाज की बस्तियों में छड़ी, निशान और तीरकर स्थापित किए जा रहे है। श्रावण मास में गोगा गायन की तैयारी एवं डेरूबाजी रिहर्सल शुरू हो गई है। इसके अलावा चल समारोह में शामिल होने वाली झांकियों का निर्माण भी शुरू हो गया।

## ब्राइडल शो में मेकअप आर्टिस्ट प्रतिभाशाली महिलाओं को मिला 'मां अहिल्या ब्राइडल एक्सीलेंस अवॉर्ड'

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रीतमलाल दुआ सभागार में ब्राइडल शो में फैशन, स्टाइल और ग्लैमर का संगम देखने को मिला। देशभर की मेकअप आर्टिस्ट ने अपने यूनिक ब्राइडल लुक्स और लेटेस्ट मेकअप ट्रेंड्स से मंच पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुकी महिलाओं को 'मां अहिल्या ब्राइडल एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।रैंप पर उतरी मॉडल्स ने अलग-अलग ब्राइडल लुक्स में कॉन्फिडेंस और एलीगेंस के साथ वॉक करते हुए दर्शकों का ध्यान खींचा। हर प्रेजेंटेशन में मेकअप, कॉस्ट्यूम और स्टाइलिंग का बारीक तालमेल नजर आया, जिसने शो को हाई-ग्लैमर इवेंट बना दिया। इस शो की खास बात रही इसकी थीम, जिसमें ट्रेडिशनल एलिमेंट्स को मॉडर्न ब्राइडल स्टाइल के साथ बेहद आकर्षक अंदाज में पेश किया गया। कई राजनेता भी मौजूद रहे। आयोजक विजया पालीवाल थी।






## अग्र मंच संस्था ने भी किया पौधारपण में सहयोग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था अग्रमंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आह्वान पर इंदौर में 21 लाख पौधारोपण के महाअभियान के तहत कल रेवती रेंज पर आयोजित वृहद वृक्षारोपण महाअभियान में सहभागिता की। आशीष गोयल, दीपिका गोयल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, सचिन बंसल, रानू अग्रवाल, राजेश कुंजीलाल गोयल, विनोद सिंघल, सचिन अग्रवाल, नवनीत केडिया, गौरव गोयल, निकुंज गोयल, शिवनारायण अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## अग्रसेन संगठन के पदाधिकारी सदस्य पहुंचे ओंकारेश्वर

### सावन में किया अभिषेक मां नर्मदा का पूजन भी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रसेन सेवा संगठन ने कल सावन मास के रविवार को ज्योर्तिलिंग, ओंकारेश्वर पहुंचकर वहां माँ नर्मदा के तट पर पूजन, अर्चन, चुनरी अर्पण का धार्मिक आयोजन किया। नर्मदा तट और बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर के सामने हर-हर महादेव के जयकारे भी गुंजाए। एक बडी चुनरी जो नर्मदा के इस पार से उस पार तक की थी वह अर्पण की गई। पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक अभिषेक और चुनरी महोत्सव का आयोजन किया गया। राजेश-ऊषा बंसल, शीतल-संजय तोड़ीवाला, रजत गर्ग, बसंत अग्रवाल, गौतम मोदी, रानी अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, सृष्टि गोयल, रेखा तोड़ीवाला, नारायण गोयल, मनीष गोयल, दीपक गर्ग, पूजा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



## कल शाम गीत गाता चल...

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जर्नलिस्ट फोरम द्वारा कल शाम 6 बजे प्रीतमलाल दुआ सभागृह में सुरों की महफ़िल गीत गाता चल के आयोजन में पुराने गीतों जिनमें मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर के नगमों की प्रस्तुति 20 गायक कलाकारों द्वारा दी जाएगी। उक्त जानकारी लोकेश थनवार, प्रवीण जोशी ने दी।

# 8 साल पुरानी रोड स्वीपिंग मशीनें अब इंदौर में नहीं चलेंगी

## नए टेंडर में निगम ने रखी सख्त शर्त, नियम तोड़ा तो एजेंसी पर जुर्माना और कार्रवाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर की सड़कों को धूल और कचरे से साफ रखने में अहम भूमिका निभाने वाली रोड स्वीपिंग मशीनों को लेकर नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। नए टेंडर में निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि 8 साल से अधिक पुरानी रोड स्वीपिंग मशीनों का संचालन शहर में नहीं किया जा सकेगा। नई एजेंसी को ऐसी मशीनें ही उपलब्ध करानी होंगी, जिनकी उम्र 1 से 8 वर्ष के बीच हो।

**2017 से सफाई व्यवस्था का हिस्सा हैं मशीनें-** इंदौर में वर्ष 2017 से रोड स्वीपिंग मशीनों का इस्तेमाल शहर की सफाई व्यवस्था में किया जा रहा है। बीआरटीएस सहित प्रमुख सड़कों की सफाई में इन मशीनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सड़क के किनारों पर जमा धूल के साथ पॉलीथीन, पत्तियां, जूते-चप्पल और छोटे पत्थरों जैसे कचरे को भी मशीनें आसानी से साफ कर देती हैं। रंगपंचमी और अनंत चतुर्दशी जैसे बड़े आयोजनों के बाद सड़कों पर जमा कचरे की सफाई में भी इन मशीनों का उपयोग किया जाता है। इन मशीनों के कारण सड़क के किनारों और डिवाइडर के आसपास जमा धूल को हटाना आसान होता है।

**आधुनिक मशीनें चलाना है उद्देश्य-** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि शहर में करीब 24 रोड स्वीपिंग मशीनें चल रही हैं। इनमें से कई मशीनें पुरानी हो चुकी हैं। इसी कारण नई एजेंसी के चयन के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। निगम का उद्देश्य आधुनिक मशीनों के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर और प्रभावी बनाना है।

**पुरानी मशीन मिली तो कार्रवाई-** निगम ने टेंडर की शर्तों में मशीनों की उम्र को लेकर विशेष प्रावधान किया है। किसी भी स्थिति में 8 साल से अधिक पुरानी मशीन शहर की सफाई में नहीं लगाई जा सकेगी। मशीन की उम्र अधिक पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ जुर्माना और सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम सफाई की गुणवत्ता पर भी निगरानी रखेगा। मशीनों की स्थिति के साथ यह भी देखा जाएगा कि निर्धारित क्षेत्रों में नियमित और गुणवत्तापूर्ण सफाई हो रही है या नहीं। लापरवाही सामने आने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**मानव श्रम की बचत और बेहतर सफाई-** रोड स्वीपिंग मशीनों के इस्तेमाल से मानव श्रम और समय दोनों की बचत होती है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी जहां 4 से 5 घंटे में करीब 3 से 4 किलोमीटर क्षेत्र में सफाई कर पाते हैं, वहीं रोड स्वीपिंग मशीन करीब एक घंटे में इतना काम पूरा कर देती है। मशीनों की मदद से सड़क से भारी कचरा हटाने का काम भी किया जा सकता है। इन मशीनों के संचालन और सफाई व्यवस्था पर नगर निगम हर साल करीब 2 से 3 करोड़ रुपए खर्च करता है। ऐसे में मशीनों की कार्यक्षमता के साथ उनकी उम्र और रखरखाव पर निगरानी रखना भी निगम के लिए महत्वपूर्ण है।

*-**टेंडर में** 8 साल से पुरानी रोड स्वीपिंग मशीनों पर रोक लगाई गई है। नियम टूटने पर एजेंसी पर जुर्माना और सख्त कार्रवाई होगी।*

***-प्रखर सिंह, अपर आयुक्त***



# सर्विस रोड के साथ अब रिंग रोड पर भी बसों का कब्जा

**इंदौर।** मूसाखेड़ी रिंगरोड चौराहे से आगे तीन इमली की ओर सर्विस रोड पर जहां निजी ट्रेवल्स वालों ने लंबे समय से जाम लगाकर कब्जा जमा रखा है। वहीं अब पुलिस प्रशासन की अनदेखी और निजी ट्रेवल्स वालों पर अफसरों की मेहरबानी से इनके हौसले इतने बुलंद हो गए है कि रिंगरोड के मैन रोड यानी मुख्य मार्ग पर भी दिनभर सुबह से शाम तक बसें खड़ी रहने लगी। जिससे यहां आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। लेकिन बावजूद इसके कोई जिम्मेदार ध्यान देने को तैयार नहीं है। इसीलिए यहां सुबह से लेकर शाम तक दिनभर मैन रोड पर बसें आराम से खड़ी रहती है। जिन्हें हटाना तो दूर कोई देखने तक नहीं आता। जबकि जब से मूसा खड़ी रिंग रोड चौराहे पर ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है तब से सर्विस रोड पर ही पूरे रिंग रोड़ के ट्रैफिक का लोड है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में ध्यान नहीं दे रहे है।

पूर्वी रिंग रोड पर मूसाखेड़ी चौराहे से पिपलियाहाना की ओर सर्विस रोड पर जहां हंस ट्रेवल्स की 10 से 15 बसें दिनभर खड़ी रहती हैं। वहीं दूसरी ओर मुल्तानी सोना ट्रेवल्स की बस सर्विस रोड पर खड़ी रहती है। वही मेन रोड पर भी इनकी बस खड़ी रहती है जहां धुलाई सफाई सब होती है। इसके अलावा मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे से तीन इमली की ओर जाने वाले हिस्से में सर्विस रोड पर 10 से ज्यादा निजी ट्रेवल्स और मेंन रोड पर भी दर्जन भर से ज्यादा लंबी दूरी की बसें दिन भर यही खड़ी रहती है, जहां इन बसों की धुलाई और साफ - सफाई सब बीच सड़क पर होता है। लेकिन मजाल है कि कोई इनको रोक टोक कर दे। सर्विस रोड़ के साथ अब मेन रोड़ पर भी निजी हैवेल्स वालों की मनमानी सड़कों पर साफ नजर आ रही है। जिनके कारण दिन भर जाम लगा रहता है। खासकर शाम के समय सबसे ज्यादा परेशानी होती है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी यहां ध्यान नहीं दे रहे। बायपास पर कार्वाई हो रही है पर रिंगरोड पर किसी का ध्यान नहीं है।

# स्वामी विवेकानंद शासकीय विद्यालय का हो रहा आधुनिकरण

## 1.47 करोड़ की लागत से स्मार्ट क्लास रूम के साथ खेल मैदान का विस्तार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पलासिया क्षेत्र में जंजीर वाला चौराहा के पास स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में निगम द्वारा लगभग 1.47 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार और विकास कार्य किए जा रहे है। जिसके अंतर्गत उक्त बड़ी राशि से निगम द्वारा विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर स्कूल भवन और परिसर की स्थिति को सुधारने के लिए कई विकास कार्य एक साथ शुरू कर नवनिर्माण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वामी विवेकानंद स्कूल में सालों पुराने विद्यालय भवन में आवश्यक सुधार कार्य के साथ मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जिसके तहत अतिरिक्त स्मार्ट क्लास रूम के निर्माण के साथ एक बड़ा भव्य आधुनिक सुविधाओं वाले हॉल का नव निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के लिए खेल मैदान का विकास और विस्तारीकरण भी किया जा रहा है। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए नवीन शौचालय एवं आधुनिक शिक्षा के अंतर्गत स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण कार्य भी तेजी के साथ किया जा रहा है। जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा और आधुनिक शिक्षा शासकीय स्कूल में अत्याधुनिक



सुविधाओं के साथ मिले। खास बात यह है कि पहले चरण में विद्यालय भवन में खेल मैदान का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत छात्रों के लिए वॉलीबॉल, फुटबॉल और अन्य खेल खेलने के लिए अत्यधिक सुविधाओं वाला नया मैदान तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा अतिरिक्त नवीन क्लास रूम का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही अन्य सुविधाएं भी जुटाई जा रही है। गौरतलब है कि क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़ियों और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से निगम शाला प्रकोष्ठ ने पिछले दिनों यहां भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। वहीं वर्तमान में तेजी के साथ नवीं क्लास रूम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अगले दो से तीन माह में विद्यालय में चल रहे हैं विकास कार्य बेहद जल्द पूरे हो जाएंगे।

# लक्ष्मी बाई नगर अनाज मंडी में बारिश के जल संचयन के लिए रिचार्ज सिस्टम का होगा निर्माण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** लक्ष्मी बाई नगर अनाज मंडी परिसर में बारिश के जल को सहजने ओर संरक्षण के लिए यहां परिसर में बारिश की जल संचयन के लिए रिचार्ज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर निगम द्वारा निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस आधुनिक वॉटर रिचार्जिंग सिस्टम में मंडी क्षेत्र का सम्पूर्ण छत का और आसपास का बारिश का जल एकत्रित कर संचयन किया जाएगा। जिससे भविष्य में आसपास के बोरिंग और नलकूप को लंबे समय तक चलते रहने की एनर्जी मिलती रहेगी। साथ ही मंडी क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होगी।

गौरतलब है कि इंदौर नगर निगम द्वारा शहर के सभी फैक्ट्री



कारखानों और तीन मंजिला भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य करवाना कंपलसरी कर दिया है। जिससे भविष्य में कहीं भी पानी की कमी नहीं रहे। इसलिए निगम द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए जोर दिया जा रहा है। परिणाम यह है कि सभी लोग मिलकर इस पर काम कर रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र और सार्वजनिक सभी व्यापारिक क्षेत्र में इसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।

# धार भाजपा में अंतर्कलह तेज, गुटबाजी को लेकर संगठन की कड़ी लताड़

## ग्रामीण जिलाध्यक्ष बदलने की सुगबुगाहट हुई तेज

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** जिला भाजपा के भीतर लंबे समय से सुलग रही आंतरिक गुटबाजी और खींचतान अब खुलकर सड़कों और सोशल मीडिया से होते हुए संगठन के शीर्ष गलियारों तक पहुंच गई है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा के धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार की कार्यशैली और जिले में लगातार बढ़ रही गुटबाजी को लेकर राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष और प्रदेश नेतृत्व ने सख्त रुख अख्तियार किया है। बताया जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने चंचल पाटीदार को इस गुटबाजी वाले रवैये के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए संगठन को एकजुट रखने की आखिरी चेतावनी दी है। धार जिले में संगठन को मजबूती देने के लिए शहरी क्षेत्र की कमान महंत निलेश भारती और ग्रामीण की जिम्मेदारी चंचल पाटीदार को सौंपकर दो अध्यक्षों का अनूठा प्रयोग किया था, लेकिन सूत्रों की मानें तो ग्रामीण जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद से ही जिले में समन्वय की भारी कमी देखी जा रही है। पाटीदार पर आरोप हैं कि वे वरिष्ठ और समर्पित कार्यकर्ताओं को हाशिए पर धकेलकर केवल अपने विशेष गुट के लोगों को ही तवज्जो दे रहे हैं,इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों के कई मंडलों में अंदरूनी कलह चरम पर पहुंच चुकी है और कार्यकर्ताओं का एक बड़ा धड़ा खुलकर अपनी नाराजगी दर्ज करा रहा है। प्रदेश भाजपा जहां आगामी संगठनात्मक अभियानों और पार्टी के अनुशासन को सर्वोपरि मान रही है, वहीं धार ग्रामीण जिले से लगातार आ रही गुटबाजी की खबरों ने आलाकमान की



चिंता बढ़ा दी थी। हाल ही में हुई संगठनात्मक समीक्षा के दौरान चंचल पाटीदार के रवैये को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय संगठन के कद्दावर नेता संतोष ने दो टूक शब्दों में पाटीदार से कहा है कि पार्टी व्यक्ति विशेष या किसी गुट से नहीं, बल्कि सामूहिक निष्ठा से चलती है। यदि जिले में गुटबाजी बंद नहीं हुई और संगठन की रीति-नीति के विपरीत कार्य जारी रहा, तो पार्टी कोई भी बड़ा और कड़ा अनुशासनात्मक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी, संगठनात्मक लताड़ के बाद अब धार ग्रामीण भाजपा की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि जल्द ही चंचल पाटीदार ने अपनी कार्यशैली में सुधार कर सभी धड़ों को साथ नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में धार ग्रामीण की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस घटनाक्रम ने विरोधी गुटों को भी पार्टी के भीतर सक्रिय कर दिया है, जिससे आने वाले दिनों में धार ग्रामीण की सियासत में और उबाल के पूरे आसार दिखाई दे रहे हैं।

## संपादकीय

### कब बनेगी दिल्ली जल-भराव मुक्त? हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी

दिल्ली में जल-भराव की समस्या से निपटने के मुद्दे पर काम कम और सियासत ज्यादा होती है। हमेशा की तरह इस दफा भी यही देखने-सुनने को मिल रहा है। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में अन्य शहरों के मुकाबले हर मोर्चे पर व्यवस्था बेहतर होगी। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि यहां बरसात से जुड़ी समस्याएं वर्षों से जस की तस बनी हुई हैं। गर्मी के मौसम में यहां कई इलाकों में लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस जाते हैं, तो बरसात में पानी घरों और सड़कों को ही डुबो देता है। दिल्ली में सत्ता भले ही बदलती रहती है, लेकिन व्यवस्था में कोई बदलाव या सुधार नजर नहीं आता है। यहां नई सरकार के कमान संभालने के बाद दावे किए जा रहे थे कि शहर को जल-भराव मुक्त बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन बीते दो-तीन दिनों में दिल्ली में बारिश ने सरकार के इन दावों पर ही पानी फेर दिया है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, वर्ष 2011 के बाद अगस्त के पहले सप्ताह में शुक्रवार को यहां सबसे अधिक 127 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जाहिर है कि जब एक घंटे की तेज बारिश में ही दिल्ली पानी-पानी हो जाती है, तो दिन भर की बरसात में क्या हाल होगा, इसके दृश्य इन दिनों कई जगह देखने को मिल रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश से एक बार फिर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई प्रमुख सड़कें तालाब बन गईं, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। महरौली-बदरपुर रोड से लेकर महिपालपुर, आइटीओ, शकरपुर और छतरपुर तक की सड़कें पानी में डूब गईं। खानपुर से ओखला मोड़ के बीच कई किलोमीटर तक गाड़ियां रेंगती नजर आईं। इस दौरान यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। इसके अलावा कई इलाकों में घरों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार की ओर से जो दावे किए जा रहे थे, उनका आधार क्या था? अगर जल-भराव की समस्या को खत्म करने के लिए प्रयास किए गए, तो उनका नतीजा जमीन पर क्यों नहीं दिख रहा है? आखिर क्या वजह है कि बारिश के पानी की निकासी से जुड़ी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है! गौरतलब है कि सरकार की ओर से हर साल बरसात शुरू होने से पहले सीवेज की नालियों और बड़े नालों की सफाई का जोर-शोर से अभियान शुरू किया जाता है। सवाल है कि क्या यह अभियान सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहता है? इसे कारगर तरीके से धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? शहर में बारिश के पानी की निकासी के माकूल बंदोबस्त क्यों नहीं हो पा रहे हैं? इसका एक कारण यह भी है कि दिल्ली में जल-भराव की समस्या से निपटने के मुद्दे पर काम कम और सियासत ज्यादा होती है। हमेशा की तरह इस दफा भी यही देखने-सुनने को मिल रहा है। सरकार का दावा है कि जिन स्थानों पर पहले बहुत ज्यादा जल-भराव होता था, वहां इस बार समस्या काफी कम रही। वहीं, विपक्षी दलों का कहना है कि सरकार दिक्कतों का स्थायी समाधान करने के बजाय लीपा-पोती की कोशिश कर रही है। बहरहाल, सरकार को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि अगर दिल्ली को वास्तव में जल-भराव मुक्त बनाना है, तो दावों के समांतर जमीन पर भी काम करना होगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी।

## छतों से बिजली उत्पादन 82 हजार से ज्यादा स्थानों पर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिम मप्र में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर का आंकड़ा 82 हजार तक गया है। कुल उत्पादन क्षमता 495 मैगावाट के करीब हो गई है। रूफ टॉप सोलर की कुल संख्या में से संपूर्ण इंदौर नगरीय क्षेत्र में 33 हजार से ज्यादा सोलर संयंत्र स्थापित हैं, यह मप्र के अन्य शहरों से कई गुना ज्यादा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में पश्चिम क्षेत्र अग्रणी है। यहां पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में करीब 65 हजार स्थानों पर संयंत्र लगाए गए है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 55000 बिजली उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र लगाने पर करीब 450 करोड़ रुपए से ज्यादा की सब्सिडी डीबीटी से वितरित हो चुकी हैं। छतों से सोलर उत्पादन में इंदौर नगरीय क्षेत्र करीब 33 हजार स्थानों के साथ प्रदेश में अव्वल हैं, वहीं दूसरा स्थान उज्जैन जिला 7500 स्थान, तीसरा स्थान रतलाम जिला 6800, चौथा स्थान देवास जिला 4900, पांचवा स्थान मंदसौर जिला 4500 स्थानों पर ऊर्जा उत्पादन वाला हैं।



## 600 पीएचडी धारक एक मंच पर जुटे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ हिंदू एकेडेमिशियंस द्वारा आयोजित एक दिवसीय समागम में एक ही मंच पर 600 से अधिक पीएचडी धारकों की ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज हुई, जो अपने आप में विश्व अकादमिक परिदृश्य में एक अनूठा कीर्तिमान बन गया।'ज्ञानम परम बलम' के उद्घोष भी लगे। विनोद अग्रवाल, मिलिंद परांडे, कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, खगेंद्र भार्गव, नूपुर देशकर, लक्ष्मण सिंह मरकाम, प्रकाश उइके, प्रफुल्ल केतकर, जितेंद्र गुप्त, डॉ. संध्या चौकसे, यश पाटीदार सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।




## मालवीय समाजजन रहे नेत्र परीक्षण शिविर में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नेत्रालय आई हॉस्पिटल एवं मालवीय समाज धर्मशाला भिचौली हप्सी के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय समाजजनों ने नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। चिकित्सकों ने परामर्श भी दिए। बन्ना मालवीय, निर्भय सिंह चौहान, देवकरण मालवीय, कैलाश सिसोदिया, कृपाचंद डाबी, बन्ना मालवीय, डमरू पहलवान, राकेश चौहान सहित अन्य मौजूद थे।



## विप्र सेना की महिलाओं ने किया मिलन आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विप्र सेना इंदौर महिला समिति द्वारा मिलन समारोह बिजासन रोड पर आयोजित किया गया। रश्मि अवस्थी, मधु मंडलोई, अपेक्षा शर्मा, सरिता तिवारी, डॉ. रजनी पाण्डे का सम्मान किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. पंकजा तिवारी, रेखा त्रिपाठी, मीरा दीक्षित, किरण शर्मा, संध्या पांडेय, प्रिया त्रिपाठी, वाणी मिश्रा, नारायणी मिश्रा, चेतना तिवारी, जागृति दुबे, मनीषा तिवारी, सुषमा शर्मा सहित अन्य मातृशक्तियां मौजूद थी।

## भीम आर्मी ब्लू पैंथर का आदिवासी दिवस पर आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भीम आर्मी ब्लू पैंथर संस्थान ने आदिवासी दिवस पर टंट्या भील चौराहे पर आयोजन किया। पैंथर के बन्ना मालवीय ने टंट्या मामा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि 'जब तक शोषितों को हक नहीं मिलता, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे!' डमरू पहलवान, राकेश चौहान ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## सराफेश्वर महादेव की भक्ति में रमेंगे सोना-चांदी व्यापारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सोना-चांदी जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन द्वारा आज शाम 6 बजे सराफा स्थित सराफेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली जाएगी। शाम 5.30 बजे बाजार बंद हो जाएगा। इसके बाद शाही सवारी में व्यापारी शामिल होंगे। पूरे मार्ग पर हर-हर महादेव का जयघोष होगा, कई जगह स्वागत मंच लगाए जएंगे। सुशील गुप्ता और बसंत सोनी ने बताया कि यात्रा में बैण्ड, भजन गायक, शिव-पार्वती और सुसज्जित पालकी शामिल होंगी। यात्रा छोटा सराफा से शकर बाजार, सीतलामाता बाजार, सांठा बाजार, बजाज खाना चौक, बर्तन बाजार, पीपली बाजार से बड़ा सराफा होते हुए पुनः छोटा सराफा पहुंचेगी।

## विहिप बजरंग दल ने निकाली यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारिका जिला के बाहुबली प्रखंड में यात्रा निकाली। भारता माता की आरती की गई, हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ।







## माथुर को याद किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र माथुर को उनकी जयंती पर याद किया गया। मुकेश भार्गव ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## भाजपा से जुडी महिलाएं भी रही मेला में मौजूद



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संस्था वाघिणी ने राखी मेला अन्नपूर्णा रोड स्थित गार्डन में मातृशक्तियों की मौजूदगी में आयोजित किया। विनिता धर्म, सुधा सुखयानी, शिवानी संजय अड़सपुरकर, मीनाक्षी नवाथे, रेणुका चंदेल, वैशाली किरकिरे, रूपाली पाटिल, अनिता व्यास, अनुजा प्रशांत पंडित की मौजूदगी में 86 वर्षीय मनोहर करमबेलकर और 20 के युवा दक्ष जवखेड़कर का सम्मान किया।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 148700 | 152,426 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 228900 | 233400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## किशोर-संजय तथा विशाल व रश्मि की जोडी को खिताबी सफलता

**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वाधान में मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा आयोजित प्रथम राज्य रेंकिग मास्टर्स टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के फायनल मुकाबले में पुरुष युगल वर्ग में किशोर मोटवानी व संजय मेहता की जोडी ने तथा मिश्रित युगल वर्ग में विशाल जोशी व रश्मि सोनी की जोडी ने खिताब जीत लिया। अभय प्रशाल में खेली जा रही इस स्पर्धा में पुरुष युगल वर्ग के फायनल मुकाबले में किशोर व संजय ने नितिन खाब्या और राहुल जैन की जोडी को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सेमीफायनल में किशोर व संजय ने कुणाल गजभिये व मनीष जोशी को 3-1 से तथा नितिन व राहुल ने विशाल जोशी व मनोज सोनगरा को 3-1 से हराया।

# मेरे महादेव

## सृष्टि के कण-कण में करते हैं निवास कल्याणकारी शिव



**भगवान** शिव का प्रिय और पावन महीना सावन चल रहा है। भगवान भोलेनाथ के पूजन और अभिषेक का यह विशेष महीना होता है। शिवभक्त नीलकंठेश्वर की विशेष कृपा पाने के लिए भोले के लिए तरह-तरह के जतन करते हैं। कोई महादेव के लिए कांवड़ उठाने का संकल्प लेता है तो कोई व्रत आदि का। इन सबके बावजूद क्या आप सावन और भगवान आदिदेव से जुड़े अन्य विषयों के बारे में जानते हैं। तो आइए जानते हैं कि क्यों लोग कांवड़ उठाते हैं और क्यों भगवान का अभिषेक करते हैं। इसके अलावा भगवान के अभिषेक के बारे में भी भक्तों के मन में उठने वाली जिज्ञासाओं को भी पूरा करते हैं।

### शिव के नाम

**हरणकर्ता :** पाप, अज्ञान और अहंकार को हरने वाला

**महेश्वर :** सभी प्राणियों के स्वामी जो सभी पर शासन करते हैं।

**स्थायु :** जो ब्रह्माण्ड की ऊर्जा है।

**अजा :** शिव का वह नाम या रूप जो जन्म-मृत्यु से परे है।

**विश्वेश्वर :** ब्रह्माण्ड का स्वामी।

**जटाधारी :** शिव के केश जो आध्यात्मिक, अनुशासन, वैराग्य और पवित्र गंगा के प्रवाह का प्रतीक है।

**चंद्रपाल :** वह रूप जो चंद्रमा के स्वामी हैं।

**मृत्युंजय :** वह रूप जिसमें शिव ने मृत्यु पर विजय पा ली हो।

**उमापति :** पार्वती के पति।

# क्यों शिवभक्त उठाते हैं कांवड़, जानें क्या है इसका महत्व

**श्रावण** मास के आरंभ होते ही आस्था और भक्ति से भरी कांवड़ यात्रा की भी शुरुआत हो जाती है। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित माना जाता है और इस पावन मास में शिवभक्त भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए व्रत, पूजन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का पालन करते हैं। हर वर्ष की तरह इस साल भी शिवभक्तों की श्रद्धा से भरी कांवड़ यात्रा 11 जुलाई 2025, शुक्रवार से आरंभ हो रही है। कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु विभिन्न राज्यों से पैदल यात्रा करते हुए हरिद्वार, गंगोत्री, गौमुख और अन्य तीर्थ स्थलों से गंगाजल भरकर अपने स्थानीय शिव मंदिरों तक पहुंचाते हैं। सावन शिवरात्रि के दिन इस जल से शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है। यह परंपरा न सिर्फ आस्था का प्रतीक है बल्कि आत्मिक शुद्धि और भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त करने का माध्यम भी मानी जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं इसका धार्मिक महत्व क्या है।




*हिंदू धर्म में कांवड़ यात्रा को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायक माना गया है। इस यात्रा के माध्यम से शिवभक्त अपनी गहरी श्रद्धा और समर्पण भगवान शिव के चरणों में अर्पित करते हैं। मान्यता है कि कांवड़ यात्रा करने से महादेव अति शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कांवड़ यात्रा का मूल उद्देश्य भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण को प्रकट करना है। इस दौरान श्रद्धालु गंगाजल लाकर शिवलिंग का अभिषेक करते हैं, जो अत्यंत फलदायी माना गया है। कहा जाता है कि कांवड़ यात्रा करने से व्यक्ति को रोग, भय, शोक और पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति आती है।*

### कब तक चलेगी कांवड़ यात्रा?

**श्रावण** मास की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा का शुभारंभ भी होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह यात्रा श्रावण मास की प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर सावन की शिवरात्रि तक चलती है।

## शिव जी के गुण अपनाने वाले रहते हैं टेंशन फ्री

**सादा जीवन, उच्च विचार :** शिव कैलाश पर्वत पर रहते हैं। पसंदीदा वस्तुएं साधारण हैं, जैसे बेलपत्र और धतूरा। वे साधारण चीजों में भी खुश रह सकते हैं।

**क्रोध है दुश्मन :** भोलेनाथ बड़े भोले हैं लेकिन शिव पुराण के अनुसार उन्हें क्रोध आ जाए तो तीनों लोक भस्म हो सकते हैं, सृष्टि का विनाश हो सकता है, लेकिन क्रोध विशिष्ट परिस्थितियों में ही प्रकट होता है। वह अपने क्रोध को नियंत्रित करना भली भांती जानते हैं।

**मोह का जाल तोड़े :** शिव पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों में, शिव को त्याग और वैराग्य का प्रतीक बताया गया है। उनका जीवन, विशेष रूप से उनका हिमालय निवास, सांसारिक मोह-माया से दूर रहने का एक उदाहरण है। मोह मनुष्य को दुखों की ओर ले जाता है। मनुष्य जीवन की अधिकांश समस्याएं उसकी अनावश्यक इच्छाओं का ही परिणाम है। जब मनुष्य इच्छाओं के जाल में फस जाता है अब वह स्वयं अपनी खुशियों को नष्ट कर बैठता है। इसलिए मोह का त्याग सुखी जीवन के लिए बहुत जरुरी है।

# जलाभिषेक और रुद्राभिषेक में अंतर

**जलाभिषेक** और रुद्राभिषेक भी सावन में किए जाते हैं। मान्यता है कि सावन में किए रुद्राभिषेक से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। वहीं कुछ लोग सावन में जलाभिषेक भी करते हैं। कई लोग रुद्राभिषेक और जलाभिषेक को एक ही समझने की गलती कर देते हैं, जबकि दोनों अलग है और दोनों में खास अंतर भी होता है।



**जलाभिषेक क्या है-** जलाभिषेक का सामान्य अर्थ होता है 'जल से अभिषेक करना'। पूजा-पाठ के दौरान देवताओं की मूर्तियों में पवित्र जल अर्पित करने की विधि को जलाभिषेक कहते हैं। यह एक विशेष धार्मिक अनुष्ठान होता है। शिवलिंग में जल चढ़ाने को भी जलाभिषेक कहते हैं। शिवलिंग को शीतलता प्रदान कराने के लिए मुख्य रूप से पूजा के दौरान जलाभिषेक किया जाता है जोकि शिव पूजन का महत्वपूर्ण अंग होता है। लेकिन रुद्राभिषेक की विधि काफी अलग होती है।

**रुद्राभिषेक क्या है-** रुद्राभिषेक शिवलिंग पूजन का एक हिस्सा होता है। इसमें पांच द्रव्यों से ब्राह्मणों के द्वारा वेद-मंत्रों के उच्चारण के साथ शिवलिंग स्नान कराया जाता है। इसे रुद्राभिषेक कहते हैं। कई लोग सावन में महारुद्राभिषेक भी कराते हैं। आमतौर पर नवग्रहों की शांति, रोग से छुटकारा, संतान प्राप्ति या मनोकामना पूर्ति के लिए रुद्राभिषेक कराया जाता है। अगर घर पर रुद्राभिषेक करा रहे हैं तो, सबसे पहले उत्तर दिशा में शिवलिंग स्थापना करनी होती है और पूर्व दिशा को ओर मुख करके रुद्राभिषेक किया जाता है।

**इन बातो का रखें ध्यान-**रुद्राभिषेक या जलाभिषेक में तुलसी पत्ते का इस्तेमाल न करें।

रुद्राभिषेक शांत-चित्त मन और एकाग्रता के साथ करें। भक्तों को आपस में बातचीत करने से बचना चाहिए। रुद्राभिषेक के दौरान मंत्रों का उच्चारण गलत तरीके से न करें।

रुद्राभिषेक यदि जल से कर रहे हैं तो उसके लिए तांबे के बर्तन का ही प्रयोग करें।

रुद्राभिषेक के दौरान रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों का जाप करना फलदायी साबित होता है।

# झूला होता है शुभ



**श्रावण** मास में भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए व्रत, पूजन और उपाय किए जाते हैं। वहीं इस महीने झूले झूलने की परंपरा भी जुड़ी है, खासकर नागपंचमी के दिन इसका विशेष महत्व होता है। ऐसे में आइए जानते हैं इसके पीछे की पौराणिक मान्यता और महत्व।

**झूला झूलने की शुरुआत :** सावन में महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए झूला झूलती हैं और अपनी मनोकामनाएं ईश्वर तक पहुंचाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, झूला झूलने की परंपरा की शुरुआत राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण से हुई थी। सावन के महीने में ही भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी को झूला झुलाया था और तभी से यह परंपरा शुरू हुई। माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से झूला झूलते हुए अपनी इच्छाएं व्यक्त करता है, उसकी हर मनोकामना श्रीकृष्ण तक पहुंचती है और वह पूरी भी होती है।

**रक्षा बंधन पर झूला :** रक्षा बंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और इस दिन झूला झूलना भी शुभ माना जाता है। खासकर बहनें मेंहदी लगाकर झूला झूलती हैं और पारंपरिक गीत गाती हैं। माना जाता है कि इससे रिश्तों में मिठास आती है और पारिवारिक सौहार्द बना रहता है।

**श्रावणी सोमवार पर झूला :** श्रावण मास के सोमवार शिव भक्ति के लिए विशेष माने जाते हैं। इस दिन स्त्रियां उपवास रखती हैं और झूला झूलते हुए भगवान शिव और पार्वती की कथा का स्मरण करती हैं। ऐसा करने से वैवाहिक जीवन में सौहार्द बना रहता है और मन को शांति मिलती है।

**कजरी तीज पर झूला :** कजरी तीज के दिन झूला झूलने की खास परंपरा होती है। स्त्रियां पारंपरिक गीत गाते हुए झूला झूलती हैं और अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं। यह दिन स्त्रियों के लिए सौभाग्य और आनंद का प्रतीक माना जाता है।

**अन्य मान्यताएं :** मान्यता यह भी है कि सावन के पावन माह में भगवान शिव ने माता पार्वती के लिए प्रेमपूर्वक झूला डाला था और स्वयं उन्हें झूला झुलाया था। तभी से यह परंपरा जुड़ी हुई है। ऐसा माना जाता है कि इस मौके पर पति अपनी पत्नी को झूला झुलाते हैं, जिससे दांपत्य जीवन में प्रेम और सामंजस्य बढ़ता है और घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इसके अलावा, सावन के शुभ अवसर पर यदि आप भगवान श्रीकृष्ण और गणपति बप्पा को हिंडोले में झूला झुलाते हैं, तो यह अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इससे केवल ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि परिवार के हर सदस्य के जीवन में सुख और समृद्धि आती है।

# भारत का उम्दा आगाज, पहले टेस्ट के लिए टीम चुनना हुआ मुश्किल

**कोलंबो।** कोलंबो में खेले गए तीन दिन के अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने श्रीलंका क्रिकेट इलेवन को 6 विकेट से शिकस्त देकर दौरे का शानदार आगाज किया है। इस जीत के साथ ही मेहमान टीम ने आगामी कड़े मुकाबलों के लिए अपनी मजबूत तैयारी का संदेश दे दिया है। अब हर किसी की नजरें गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच पर टिक गई हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में बने रहने के लिए भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला जीतना बेहद जरूरी है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट हर रणनीति को परखकर ही मैदान पर उतरना चाहेगा।

भारतीय खेमे के लिए सबसे राहत की बात शुभमन गिल का फिट होना है। उंगली की चोट से उबरने के बाद उन्होंने अभ्यास मैच के आखिरी दिन मैदान पर उतरकर बल्लेबाजी की। उनकी वापसी से भारतीय बल्लेबाजी क्रम को काफी मजबूती मिली है और टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

गौतम गंभीर ने स्पिन ऑलराउंडरों पर खास भरोसा जताया है। अभ्यास मैच के दौरान सारांश जैन, मानव सुतार और रविंद्र जडेजा को क्रीज पर पर्याप्त समय देने पर जोर दिया गया। परिस्थितियों को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि पहले टेस्ट की प्लेइंग 11 में ये तीनों खिलाड़ी एक साथ खेलते नजर आ सकते हैं।



प्लेइंग इलेवन को लेकर एकमात्र पेंच विकेटकीपर के चयन पर फंसा हुआ है, जहां ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल के बीच कड़ा मुकाबला है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा संभाल सकते हैं जबकि कुलदीप यादव स्पिन विभाग को और धार देंगे।

ऐसे में यह तय है कि पहले टेस्ट में आकिब नबी, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और गुरनूर ब्रार को बाहर बैठना पड़ सकता है। हालांकि गुरनूर ने वॉर्मअप मैच में बल्ले से दम दिखाया था। ऐसे में वे प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग 11 में तगड़ी चुनौती दे सकते हैं। वहीं श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में इंडिया ए के लिए खेलते हुए भी गुरनूर का प्रदर्शन कमाल का रहा था। वहीं आकिब नबी की बात करें तो उन्होंने पिछले 2 रणजी सीजन में 18 मैचों में 104 विकेट जरूर झटके हैं, लेकिन वे भी बड़े स्टेज पर खुद को साबित कर पाने में नाकामयाब रहे हैं।

### पहले टेस्ट के लिए संभावित भारतीय टीम

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, मानव सुतार, कुलदीप यादव, सारांश जैन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज

# सरफराज को पहले टेस्ट में मौका मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** श्रीलंका दौरे पर रवाना होने से पहले ही भारतीय टीम को फिटनेस की समस्याओं से जूझना पड़ा था। चोट के कारण जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन पूरे दौरे से बाहर हो गए हैं। बुमराह की जगह आकिब नबी को शामिल किया गया, वहीं साई सुदर्शन के स्थान पर बीसीसीआई ने सरफराज खान को टीम में वापसी का मौका दिया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या सरफराज खान को 15 अगस्त से गाले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच की प्लेइंग-11 में जगह मिलेगी?

भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका में 6 प्रमुख बल्लेबाजों के साथ मैदान पर उतरने की योजना बना रहा है। शुरुआती 5 स्थानों में गिल, जायसवाल, पडिक्कल, राहुल और पंत के लगभग तय होने के बाद नंबर 6 के पायदान के लिए दो बड़े दावेदार सरफराज खान और ध्रुव जुरेल हैं। वार्म-अप मैच में जुरेल का बल्ला कुछ खास कमाल नहीं दिखा सका और वह मात्र 17 रन बनाकर आउट हो गए। जुरेल की फॉर्म और सरफराज की स्पिन के खिलाफ आक्रामकता को देखते हुए कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर सरफराज को प्लेइंग 11 में जगह दे सकते हैं।




श्रीलंका की पिचें पारंपरिक रूप से स्पिन गेंदबाजों की मददगार मानी जाती हैं। गाले टेस्ट में मेजबान टीम अपने स्टार स्पिनरों के दम पर भारत को घेरने की कोशिश करेगी। ऐसे में भारत को एक ऐसे मध्यक्रम बल्लेबाज की दरकार है जो स्पिन के खिलाफ खुलकर खेल सके। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए ढेरों रन बनाने वाले सरफराज खान स्पिन के खिलाफ बेहतरीन स्वीप, रिवर्स स्वीप और कदमों का इस्तेमाल करने के लिए जाने जाते हैं। कोच गंभीर और कप्तान गिल चाहेंगे कि नंबर 6 पर एक ऐसा बल्लेबाज हो जो श्रीलंकाई स्पिनरों को लय न पकड़ने दे और उन पर उल्टा दबाव बनाए। सरफराज ने इंटरनेशनल लेवल पर भी दिखाया है कि सेट होने के बाद वह लंबी और मैच जिताऊ पारियां खेलने का हुनर रखते हैं।

यदि सरफराज खान को नंबर 6 पर मौका मिलता है, तो भारत का बल्लेबाजी क्रम कुछ इस प्रकार दिख सकता है:

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, मानव सुथार, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

# सिराज की तूफानी पारी देख श्रीलंकाई खिलाड़ी करने लगे बैट की चेकिंग



**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका क्रिकेट 11 के बीच खेले गए तीन दिवसीय अभ्यास मैच में टीम इंडिया ने 6 विकेट से एकतरफा जीत हासिल की। इस मैच में गेंद से नहीं, बल्कि बल्ले से तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऐसा गदर मचाया कि हर कोई हैरान रह गया। सिराज की तूफानी बल्लेबाजी का आलम यह था कि मैच खत्म होते ही विरोधी टीम यानी श्रीलंका के खिलाड़ी उनका बल्ला और उसकी ग्रिप चेक करने लगे।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को जीत के लिए आक्रामक रन बनाने की जरूरत थी। ऐसे में मोहम्मद सिराज ने मैदान पर उतरते ही गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने महज 15 गेंदों में 4 छक्कों और 1 चौके की मदद से नाबाद 32 रनों की आतिशी पारी खेली। मैच के आखिरी ओवर में तो सिराज ने गेंदबाजों पर तरस भी नहीं खाया और लगातार 3 छक्के तथा 1 चौका जड़कर अकेले एक ही ओवर में 23 रन बटोर लिए और भारत को धमाकेदार जीत दिला दी।

सिराज के बल्ले से निकले इन लंबे-लंबे छक्कों को देखकर श्रीलंकाई खिलाड़ी भी खुद को रोक नहीं पाए। मैच खत्म होते ही श्रीलंका क्रिकेट 11 के खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के पास पहुंचे और उनके बल्ले को ध्यान से देखने लगे। वे सिराज के बैट की बनावट और उसकी ग्रिप को भी चेक कर रहे थे। हालांकि क्रिकेट के मैदान पर खिलाड़ियों के बीच एक-दूसरे का बैट चेक करना एक आम और दोस्ताना बात है, लेकिन सिराज की इस तूफानी बल्लेबाजी ने माहौल को काफी मनोरंजक बना दिया।

मैच की बात करें तो श्रीलंका क्रिकेट 11 ने पहली पारी 363/8 पर घोषित की थी, जिसके जवाब में भारत ने 357/6 रन बनाए। दूसरी पारी में मेजबान टीम ने 200/6 बनाकर भारत को 207 रनों का लक्ष्य दिया था। भारत ने 45 ओवरों में 4 विकेट खोकर 214 रन बनाते हुए मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम अब 15 अगस्त से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की अहम टेस्ट सीरीज का आगाज करेगी, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

## जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में प्रिशा, वेदांशी समवेद, ईशान मुख्य दौर में पंहुचे



**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही हरिसन्स् डेवलपर्स प्रा. लि. अखिल भारतीय चैम्पियनशिप सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए क्वालीफाइंग फाइनल राउण्ड में मध्यप्रदेश के समवेद जोशी, ईशान शर्मा ने बालक वर्ग से तथा प्रिशा शर्मा, वेदांशी खण्डेलवाल ने बालिका वर्ग से मुख्य दौर में जगह बना ली है। बालक वर्ग-12 वर्ष आयु के फाइनल क्वालीफाइंग राउण्ड में समवेद जोशी (म.प्र.) ने अक्षज कुमार (म.प्र.) 9-6, ईशान शर्मा (म.प्र.) ने ग्रतिक खण्डेलवाल (महा.) 9-5 से, कियान बंसल (म.प्र.) ने रियान सुराना (म.प्र.) 9-3 से, दिव्येश अमोदे (महा.) ने अरनव पालीयशंकर (म.प्र.) 9-5 से, जनव अग्रवाल (महा.) ने रेयान बधवर (दिल्ली) 9-0 से, अदविक गोयल (म.प्र.) ने मेधांश मारापका (महा.) 9-5, विहान कालानी (म.प्र.) ने अर्जुन कचोलिया (म.प्र.) 9-5 से, आध्यांत गुप्ता (म.प्र.) ने विवान त्रिवेदी (म.प्र.) 9-0 से हराया। बालिका वर्ग-12 वर्ष आयु में फाइनल क्वालीफाइंग राउण्ड प्रिशा शर्मा (म.प्र.) ने ऋतवी ठाकरे (महा.) 9-1 से, वेदांशी खण्डेलवाल (म.प्र.) ने कृषी महेश्वरी (म.प्र.) 9-2 से, निमिषा धुरकुडे (महा.) ने नेहल पाटिल (म.प्र.) 9-0 से हराया।

## महाराजन ने रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलक महाराजन अरुमुगपंडियन ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित एशियाई जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। हाराजन ने स्नैच में 128 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 157 किलोग्राम उठाकर अपना नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 285 किलोग्राम भार उठाया और रजत पदक हासिल किया। वियतनाम के होआंग थाच ने कुल 291 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जो महाराजन से छह किलोग्राम अधिक था।




# इंग्लैंड में चहल का उम्दा प्रदर्शन, टीम में लेने की मांग उठी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के घरेलू टूर्नामेंट वन डे कप में भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का शानदार प्रदर्शन जारी है। नॉर्थहैम्पटनशायर के लिए खेलते हुए चहल ने समरसेट के खिलाफ मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने 10 ओवर के स्पैल में केवल 35 रन देकर 3 अहम विकेट हासिल किए। चहल की इस किफायती और धारदार गेंदबाजी के दम पर नॉर्थहैम्पटनशायर ने समरसेट को महज 185 रनों पर समेट दिया और फिर 7 विकेट से आसान जीत दर्ज की।

समरसेट की पारी को ध्वस्त करने में चहल के साथ-साथ रॉब केओघ की भी मुख्य भूमिका रही, जिन्होंने 4 सफलताएं हासिल कीं। चहल ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया। उन्होंने आर्ची वोन (18) को विकेटकीपर लुईस मैकमैनस के हाथों स्टंप कराया। इसके बाद जैक लीच (9) और जेक बॉल (7) को स्टंप्स के पीछे और कैच आउट कराकर समरसेट की पूरी टीम को 47 ओवरों में 185 रन पर ही पवेलियन भेज दिया। चहल इस समय इंग्लैंड के इस 50 ओवर टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी घूमती गेंदों से विपक्षी टीमों के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा है। इस प्रतियोगिता में उनके आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि वे विदेशी खिलाड़ियों में सबसे सफल गेंदबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। वह अब तक खेले गए 7 मुकाबलों में 21.00 के शानदार औसत से कुल 15 विकेट चटका चुके हैं। इस बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ चहल मेट्रो बैंक वन डे कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले विदेशी गेंदबाज बन गए हैं जिससे टीम मैनेजमेंट और फैंस दोनों उनके प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं। चहल का यह फॉर्म चयनकर्ताओं का ध्यान एक बार फिर खींच सकता है। हालांकि, टीम इंडिया में इस समय कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे स्पिनरों का दबदबा है, लेकिन वनडे में चहल का अनुभव और विकेट निकालने की क्षमता हमेशा एक मजबूत विकल्प बनी रहती है।



# दो पक्षों के जमीन विवाद में खूनी संघर्ष

## जमकर चले सरिये

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम दुधिया में रास्ते की जमीन पर कब्जे और खंबे गाड़ने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ जमकर मारपीट और सरिये से हमला किया गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए।**

पुलिस के अनुसार, एक पक्ष से फरियादी चंपालाल पिता रामरतन यादव (67) की रिपोर्ट पर आरोपी अनोखीलाल पिता घीसालाल और गोपाल पिता शंकरलाल दोनों निवासी ग्राम दुधिया के खिलाफ दर्ज किया गया है। फरियादी चंपालाल ने बताया कि सुरेश अग्रवाल के खेत के पास मेन रोड की तरफ आरोपी अपने मजदूरों के साथ बांस-बल्ली लगाकर आने-जाने के रास्ते वाली जमीन पर अतिक्रमण कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस जमीन पर वे खेती करते हैं, तो आरोपियों ने कहा कि यह उनकी निजी जमीन है। आरोपियों ने गालियां देते हुए कहा कि तू हमें जानता नहीं, जमीन पर हमारा ही कब्जा होगा, तुझसे जो बने कर ले और मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। वहीं दूसरी ओर, पुलिस ने दूसरे पक्ष के फरियादी अनोखीलाल की रिपोर्ट पर आरोपी चंपालाल पिता रामरतन यादव और उसके बेटे पंकज पिता चंपालाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी अनोखीलाल का आरोप है कि उनके घर के पास स्थित खाली जमीन पर आरोपियों ने जबरन खंबे गाड़ दिए थे। जब उन्होंने इस बात का विरोध किया, तो पिता-पुत्र ने उन्हें गालियां दीं और लोहे के सरिये से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। खुड़ैल थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# शराब के पैसे नहीं देने पर मकान मालिक को धमकाया

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में मकान मालिक और किराएदार के बीच विवाद का एक मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत किराएदार ने मकान मालिक के घर के बाहर जमकर हंगामा किया। जब मकान मालिक और उनके परिजनों ने गाली-गलौज करने से रोका और घर खाली करने को कहा, तो आरोपी किराएदार ने शराब पीने के लिए पैसों की अड़ीबाजी शुरू कर दी। पैसे न देने पर आरोपी ने परिवार के किसी सदस्य का मर्डर करने और घर खाली न करने की धमकी दे डाली। पीड़ित वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी किराएदार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, महादेव नगर स्कीम नंबर 51 के पास निवासी 62 वर्षीय फरियादी राजेंद्र पिता विट्ठल पाटिल ने एरोड्रम थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके मकान में राहुल यादव नाम का व्यक्ति किराएदार के रूप में रहता है। बीते दिन राहुल अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर आया और उनके घर के बाहर जोर-जोर से चिल्लाने व हंगामा करने लगा। जब राजेंद्र और उनके परिवार के सदस्यों ने उसे चिल्लाने और हंगामा करने से मना किया, तो आरोपी राहुल भड़क गया और पूरे परिवार को गालियां देने लगा। फरियादी द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने पर उतारू हो गया। स्थिति बिगड़ती देख जब मकान मालिक ने उससे तुरंत मकान खाली करने को कहा, तो आरोपी ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि शराब पीने के पैसे दो, वर्ना तुम में से किसी एक का मर्डर कर दूंगा और मकान भी खाली नहीं करूंगा, तुमसे जो बनता है कर लो।

# पहली मंजिल से गिरकर मजदूर की दर्दनाक मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ थाना क्षेत्र के बिजलपुर में एक निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा युवक काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से पहली मंजिल से नीचे आ गिरा। हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान हसनजी नगर निवासी रामभरोसे पिता त्रिलोकनाथ (40)के रूप में हुई है। रामभरोसे पेशे से मजदूरी का काम करता था और बीते दिन बिजलपुर में काम पर गया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काम करने के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह पहली मंजिल से सीधे नीचे फर्श पर आ गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक खून बह जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद अन्य मजदूरों और राहगिरों ने तुरंत घटना की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# भाई को बचाने पहुंचे युवक पर लोहे की रॉड से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर चौराहे पर आपसी विवाद के बीच-बचाव करने गए एक युवक पर बदमाशों ने हमला कर दिया। अपने भाई के साथ मारपीट की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे युवक के साथ आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पिटाई की और सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, अर्जुन नगर निवासी फरियादी सुनील पिता अजय सिंह मालीवाड ने राजेंद्र नगर थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि बीते शाम उसके पास उसके भाई अरुण मालीवाड का फोन आया था, जिसमें उसने बताया कि अर्जुन नगर चौराहे पर कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। भाई पर हमले की खबर मिलते ही सुनील तुरंत घबराते हुए अर्जुन नगर चौराहे पर पहुंचा और वहां पहुंचकर बीच-बचाव करने का प्रयास करने लगा। चौराहे पर मौजूद आरोपी रौनक और उसके अन्य साथियों ने बीच-बचाव करने पहुंचे सुनील को घेर लिया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब सुनील ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी भड़क गए और उसके साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों में से किसी ने जमीन पर पड़ी या हाथ में रखी लोहे की रॉड उठाकर सीधे सुनील के सिर पर दे मारी। रॉड का वार लगते ही सुनील के सिर से खून बहने लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी उड़ाए

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के गोकुल नगर में अज्ञात बदमाशों द्वारा एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। चोरों ने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपये की नकदी साफ कर दी। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की, जिसके बाद सूत्रों के अनुसार पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब रही है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, गोकुल नगर निवासी फरियादी मुकेश कुमार पिता रामकिशोर महाजन ने कनाड़िया थाने में उपस्थित होकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी पुखराज जड़ी सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी चांदी की पायजेब और करीब 40 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। जब परिवार के लोग घर लौटे, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ और अलमारी का सामान बिखरा हुआ देखकर दंग रह गए। फरियादी की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह तक पहुंच गई है और संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे माल बरामदगी व अन्य वारदातों के संबंध में सघन पूछताछ जारी है।



# घर से बेच रहे थे शराब और भांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आबकारी विभाग ने अवैध रूप से शराब एवं भांग बेचने वालों पर कार्रवाई की है। विनोबा नगर, बड़ी ग्वालटोली स्थित मकान पर दबिश दी जहां घर से शराब बेचने वाले अजय पिता राम गुलाम और तनु से देशी शराब जब्त की। इसके अलावा टीम ने सुतार गली स्थित एक मकान से अवैध रूप से बेची जा रही भांग भी जब्त की। आबकारी विभाग ने 40 ग्राम भांग और एक पिसाई मशीन जब्त की। कुल जब्त सामग्री का मूल्य 1 लाख 55 हजार रु. बताया जा रहा है।

# खाते से गायब हुए 50 हजार रुपये

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में साइबर अपराध और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक अज्ञात जालसाज ने फरियादी की बिना अनुमति के उसके यूनियन बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से 50 हजार रुपये की राशि उड़ा ली। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, न्यू उमरिया कॉलोनी निवासी फरियादी हेमंत पिता विष्णुदयाल शर्मा ने किशनगंज थाने में उपस्थित होकर ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। बीते दिनों किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी बिना अनुमति और जानकारी के उनके बैंक खाते में सेंध लगाई। आरोपी ने यूपीआई माध्यम से छल-पूर्वक 50 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर कर उनके साथ वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया। जब पीड़ित के पास खाते से पैसे कटने का मैसेज आया, तब जाकर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। किशनगंज थाना पुलिस ने पीड़ित हेमंत शर्मा की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से संबंधित बैंक ट्रांजैक्शन विवरण और यूपीआई आईडी की तकनीकी जांच कर आरोपी का सुराग लगाने में जुटी है।

# युवती ने खाया जहर, इलाज के दौरान दम तोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा जहरीला पदार्थ गटक लेने का मामला सामने आया है। जहर खाने के बाद युवती को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और जहर खाने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

मृतक युवती रानी पिता कन्हैया (18) निवासी नावदापंथ, चंदन नगर है। परिजनों के अनुसार, रानी एक स्थानीय मसाला फैक्ट्री में काम करती थी। परसों रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को उसके द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का पता चला। परिजन तुरंत उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद बीती रात उसने दम तोड़ दिया। युवती के इस आत्मघाती कदम उठाने के पीछे के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। चंदन नगर थाना पुलिस ने घटना के संबंध में मर्ग कायम कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।